RNI 70280/91 | हरियाणा का अग्रणी दैनिक

Email :dailypathakpaksh@yahoo.in (website : www.pathakpaksh.com)

# पाठकपक्ष

वर्ष : 37 | अंक : 13
हिसार | सोमवार, 15 अप्रैल, 2024
फोन : 98964-72584, 92552-73410
मूल्य : 2.00 रूपए पृष्ठ ६







# लोकसभा चुनाव 2024 : सबसे अधिक सीटों पर चुनाव लड़ रही है भाजपा, आजादी के बाद सबसे कम पर उतरेगी कांग्रेस

**पाठकपक्ष न्यूज**

**नई दिल्ली, 15 अप्रैल :** लोकसभा चुनाव 2024 न केवल इसलिए खास है क्योंकि भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत के पहले पीएम और कांग्रेस के दिग्गज जवाहरलाल नेहरू के लगातार तीन लोकसभा चुनाव जीतने के रिकॉर्ड को तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं, बल्कि इसलिए भी खास हैं क्योंकि कुछ आंकड़े बताते हैं पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा की बढ़ती राजनीतिक ताकत और भारत जोड़ो यात्रा और भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू करने के राहुल गांधी के प्रयासों के बावजूद कांग्रेस की घटती प्रवृत्ति जारी है। सत्तारूढ़ दल भाजपा और कांग्रेस ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए लगभग सभी उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने अब तक 424 उम्मीदवार मैदान में उतारे हैं. इसके 446 सीटों पर चुनाव लड़ने की संभावना है, जबकि पंजाब, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, पश्चिम बंगाल और लद्दाख की कुछ सीटों की घोषणा बाकी है। यह पांचवीं बार है जब भगवा पार्टी ने लोकसभा चुनाव में 400 से अधिक उम्मीदवार उतारे हैं। भाजपा ने 1984-1985 के लोकसभा चुनावों में 229 उम्मीदवार, 1989 में 225, 1991-92 के चुनावों में 477, 1996 में 471, 1998 में 388, 1999 में 339, 2004 में 364, 2009 में 433, 2014 में 428, 2019 में 436 उम्मीदवार उतारे। भाजपा ने अब तक 428 सीटों पर उम्मीदवार उतार दिए हैं। पार्टी 22 और उम्मीदवारों की घोषणा कर सकती है, जिनमें पंजाब की 7 सीटें, महाराष्ट्र की 6 सीटें, उत्तर प्रदेश की 4 सीटें, जम्मू-कश्मीर की 3 सीटें और पश्चिम बंगाल और लद्दाख की एक-एक सीट शामिल है। दूसरी ओर, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने अब तक 280 उम्मीदवार मैदान में उतारे हैं।

# विकास के मामले में देश को अग्रणी बनाना चाहती भाजपा : रणजीत सिंह

*शहरी क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रमों में भाजपा प्रत्याशी ने की शिरकत*



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 15 अप्रैल :** हिसार लोकसभा से भाजपा उम्मीदवार रणजीत सिंह चौटाला ने कहा है कि भाजपा हर वर्ग की हितैषी पार्टी है। भाजपा शासनकाल में देश व प्रदेश का जो विकास हुआ है, उसे कोई दरकिनार नहीं कर सकता। रणजीत सिंह चौटाला शहर के वार्ड 6 की गली नंबर 7, टिब्बा दानाशेर व 12 क्वाटर रोड क्षेत्रों में जनसभाओं के दौरान क्षेत्रवासियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीति व नीयत देशहित की है, भाजपा देश को विकास के मामले में अग्रणी बनाना चाहती है और हर नागरिक तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना चाहती है। यही कारण है कि देश के बच्चे-बच्चे की जुबान पर तीसरी बार मोदी सरकार का नारा है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे अपना वोट उन्हें देकर तीसरी बार मोदी सरकार बनाने में अपना योगदान दें। भाजपा लोकसभा मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि इस दौरान रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम व जलपान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक अनिल अग्रवाल व पवन यादव रहे। इस मौके पर भाजपा नेता रवि सैनी, हिसार लोकसभा प्रभारी लखमी शर्मा, पूर्व जिला महामंत्री प्रवीण पोपली, सब्जी मंडी मंडल अध्यक्ष लोकेश असीजा, ईश्वर सैनी नाटा, सुंदर सोनी, जसवीर यादव, महेंद्र जाट, सुरेंद्र यादव, बबलू यादव, धर्मपाल शर्मा, रामवीर जाट, राधेश्याम सोनी, सोनू कांगड़ा, दीपक वाल्मीकि, विशाल कांगड़ा, रतन जांगड़ा, महेंद्र मरोडिया, नितिन शर्मा, कैलाश वर्मा, प्रताप फौजी, दीपक सोनी व मुकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# विकास बिश्नोई शुगर फैड, एडवोकेट सिरस्वा हरको बैंक संघ व गोदारा हाउसिंग बोर्ड फैड के प्रदेश प्रभारी

*संजय सेहरा को लगातार दूसरी बार मिली सहकारिता प्रकोष्ठ के हिसार जिला अध्यक्ष की जिम्मेवारी*



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 15 अप्रैल :** भारतीय जनता पार्टी ने सहकारिता प्रकोष्ठ का विस्तार करते हुए कई नई नियुक्तियां की हैं। प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक पीयूष मेहता ने बताया कि प्रदेश संयोजक हुकम सिंह भाटी ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से विचार विमर्श कर हिसार निवासी विकास बिश्नोई को सहकारी चीनी मिल संघ (शुगर फैड) के प्रदेश प्रभारी की जिम्मेवारी, एडवोकेट मनप्रीत सिरस्वा को सहकारी हरको बैंक संघ के प्रदेश प्रभारी तथा सहकारी हाउसिंग फैड के प्रदेश प्रभारी का कार्यभार राजेंद्र गोदारा को सौंपा है। पीयूष मेहता के अनुसार भाजपा नेता संजय सेहरा को लगातार दूसरी बार सहकारिता प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं सहकारिता प्रकोष्ठ के डिजिटल मीडिया प्रभारी एवं समनव्यक की जिम्मेवारी हरीश चौधरी व प्रिंट मीडिया प्रभारी की जिम्मेवारी महेश मेहता को सौंपी है। इन नियुक्तियों पर पार्टी जिलाध्यक्ष डॉ. आशा रानी खेदड़ ने कहा कि पार्टी के प्रति कार्यकर्ताओं की निष्ठा व समर्पण भाव को देखते हुए तथा उनके द्वारा पार्टी संगठन की मजबूती के लिए किए गए कार्यों को देखते हुए कार्यकर्ताओं को यह कार्यभार सौंपा गया है।

# मच्छर जनित बीमारियां पर स्तिथि गम्भीर होने से पूर्व फॉगिंग करवाई जाए : अग्रवाल



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 15 अप्रैल :** स्वैच्छिक सामाजिक संस्था सजग ने प्रशासन से मांग की है कि शुरु हो चुकी मच्छर जनित बीमारियों व मच्छरों की स्थिति को देखते हुए उनकी रोकथाम के लिए समय रहते अन्य आवश्यक इंतजामों के साथ पूरे शहर में फॉगिंग की जाए। सजग प्रदेशाध्यक्ष सत्य पाल अग्रवाल ने कहा है कि मौसम के बदलाव के साथ मच्छर पनपना शुरू हो गए हैं कई क्षेत्रों में तो मच्छरों की भरमार हो गई है। बीमारी की शुरुआत होने की पुष्टि का इंतजार करने के बाद हरकत में आने वाले स्वास्थ्य विभाग के अनुसार भी जिले में मच्छर जनित बीमारीयों ने पांव पसारना आरंभ कर दिया है। अग्रवाल ने कहा है कि हर वर्ष मच्छर जनित बिमारियों पर बन रही गम्भीर स्थिती को देखते हुए तुरंत प्रभाव से मच्छरों की रोकथाम व खात्में के लिए तुरंत प्रभाव से सभी ठोस कदम उठाए जाने की जरूरत है। मच्छर जनित बीमारियां मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया आदि का फैलाव होने से पहले ही प्रशासन समय रहते शहर के हर क्षेत्र में फॉगिंग सहित सभी आवश्यक कदम उठाने का काम करें। एक साथ व लगातार फॉगिंग करवाने का प्रशासन प्रबन्ध करें ताकि नागरिकों को मच्छर जनित बीमारियों से बचाया जा सके।

# नीमा स्थापना दिवस पर ब्रह्माकुमारी राजयोग केंद्र में मुफ्त चिकित्सा शिवर का आयोजन




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 15 अप्रैल :** गत रविवार को नीमा स्थापना दिवस की उपलक्ष में नीमा प्रधान डा. साकेत शर्मा व महासचिव डा सुनील सैनी के दिशानिर्देश अनुसार नीमा सदस्यों द्वारा ब्रह्माकुमारी राजयोग केंद्र ज्योतिपुरा मोहल्ले में एक मुफ्त चिकित्सा शिवर का आयोजन किया गया। जिसमें 417 पेशेंट को मुफ्त दवाइयां दी गई वह जांच की गई। डॉ आशुतोष वशिष्ठ डॉ रॉबिन मदान, डॉ गीतांजलि मदान, डॉ अनिल सिंह, डॉ विकास जटासरा, डॉ राजेश बिश्नोई, डॉ नकुल शर्मा, डॉ. सुरेंद्र वाधवा, डॉ. रवि, डॉ. संगीता दिनोदिया, डॉ. संजीव भाटिया, डॉक्टर सीमा गर्ग, डॉ. सरिता पचार, डॉ. पूनम सिंह, डॉ. कविता नारंग ने चिकित्सीय सेवाएं देते हुए अपने दायित्वों का बखूबी निर्वहन किया।

# मानवता की महान सेवा



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 15 अप्रैल (देवेन्द्र उप्पल):** सनातन धर्म शिवालय मंदिर की ओर से 42 वर्ष पूर्व स्वामी गणेशानंद जी की प्रेरणा से टोपी वाले बाबा स्व. श्री द्वारका प्रसाद अग्रवाल द्वारा आरंभ फ्री भोजन सेवा सिविल अस्पताल में दिन में तीन बार अब भी जारी है और उनके पुत्र सुरेन्द्र सिंगला (सचिव) के अतिरिक्त सुभाष शर्मा, सुनील शर्मा और मुकेश सेवादार की सहायता से सेवारत हैं। नारायण दास बंसल अध्यक्ष हैं, जिनकी देखरेख में यह सेवा चल रही है। इस सेवा में कभी भी एक दिन की भी रूकावट नहीं आई। इस संस्था के 5 स्कूल उच्च क्वालिटी की शिक्षा दे रहे हैं और परीक्षा परिणामों में राज्य में अग्रणी रहते हैं। स्कूलों के प्रिंसीपल और शिक्षक बहुत ही निष्ठावान और सुयोग्य हैं।

# ब्राह्मण समाज ने रणजीत चौटाला के स्पष्टीकरण पर संतोष व्यक्त किया



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 15 अप्रैल :** हिसार में भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी रणजीत चौटाला ने ब्राह्मण समाज का दिल जीत लिया है और ब्राह्मण समाज ने उनके दृष्टिकोण की खुले मन से प्रशंसा की है। गत रात्रि ब्राह्मण सभा की विस्तृत सभा हुई जिसमें रणजीत चौटाला पहुंचे और अपनी बात रखी। उनके स्पष्टीकरण से सभी संतुष्ट हो गए।

# एडवोकेट साहिल कमेटी सदस्य नियुक्त



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 15 अप्रैल :** जिला बार एसोसिएशन के सदस्य एवं एडवोकेट साहिल को बार कौंसिल पंजाब एंड हरियाणा के सदस्य व पूर्व चेयरमैन रजत गौतम की अनुशंसा पर डिसिप्लिनरी कमेटी का सदस्य नियुक्त किया है। इधर, जिला बार एसोसिएशन हिसार के सभागार में आयोजित समारोह में वरिष्ठ पुरुष व महिला अधिवक्ताओं को सम्मानित किया गया, जिसमें वरिष्ठ अधिवक्ता अनू वालिया भी शामिल है।









# सम्पादकीय..........

## काली खांसी ने बढ़ाई दुनिया की चिंता

*काली खांसी के प्रकोप ने दुनिया के अनेक देशों के स्वास्थ्य अधिकारियों को चिंता में डाल दिया है। चीन में हुई कई मौतों के अलावा, अमेरिका, ब्रिटेन, फिलीपीस, चेक गणराज्य और नीदरलैंड में भी ज्यादा मामले सामने आए हैं। बच्चों और शिशुओं में विशेष रूप से काली खांसी का खतरा ज्यादा दिख रहा है। सबसे ज्यादा बुरी स्थिति चीन में है। चीन में 2024 के पहले दो महीनों में 32,380 मामलों के साथ कम से कम 13 मौतें हुई हैं। वहां एक साल पहले की तुलना में 20 गुना ज्यादा मामले सामने आए हैं। हाल्लांकि, चीन में काली खांसी से हालात कुछ ज्यादा खराब होने की आशंका है। यह ध्यान रखने की बात है कि चीन अपनी बीमारियों को छिपाने की कोशिश करता है, यह हम अतीत में देख चुके हैं। काली खांसी एक अत्यधिक संक्रामक जीवाणु संक्रमण है, जो बोर्डेटेला पट्रुसिस बैक्टीरिया की वजह से होता है और छोटे बच्चों में ज्यादा आसानी से फैलता है। संक्रमण मुख्य रूप से संक्रमित व्यक्ति के खांसने या छींकने के दौरान निकलने वाली श्वसन बूंदों के माध्यम से होता है। काली खांसी में बुखार, छींक आने, आंखों और नाक से पानी निकलने व सूखी खांसी की शिकायतें होती हैं। वैसे तो काली खांसी के उपचार का एक माध्यम टीकाकरण है। तीन खुराक लेने की जरूरत पड़ती है। अब सवाल यह उठता है कि जब काली खांसी की दवा मौजूद है, तब चीन में इससे लोगों की मौत क्यों हुई है? जिनकी मौत हुई है, उनके इतिहास को देखने की जरूरत है। क्या पहले से बीमार लोगों को काली खांसी की वजह से ज्यादा तकलीफ हो रही है? मरने वालों में क्या केवल बच्चे हैं या बड़ी उम्र के लोगों की भी जान गई है? यथोचित दवा के बावजूद अगर मौत हो रही है, तो यह बड़े पैमाने पर सोचने वाली बात है। आखिर चीन में संक्रमण वाली बीमारियां वे यों घातक रूप अख्तियार कर ले रही हैं? क्या चीन में लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बहुत कमजोर हो गई है? क्या काली खांसी का पूरी तरह अंत किया जा सकता है? इस खांसी ने ऐसे अनेक सवाल पैदा कर दिए हैं। जब कोई खांसी लंबे समय तक ठीक नहीं हो रही है, तो विशेष रूप से सावधान हो जाना समय की मांग है। चिकित्सकों को इसके सभी आंकड़ों का अध्ययन करना चाहिए। जिनकी मौत हुई है, क्या उनको यथोचित टीके लगे थे? चीन के अलावा अमेरिका और ब्रिटेन, जैसे ज्यादा पारदर्शी देशों को इस बीमारी के प्रति ज्यादा सचेत रहना होगा। इधर, भारत में गर्मियों की शुरुआत हो चुकी है और साफ-सफाई रखना एक बड़ी चुनौती है। इसके साथ ही जगह-जगह वातानुकूलित व्यवस्था होने की वजह से भी ऐसी बीमारियों के संक्रमण को बल मिलेगा। कोरोना वायरस जब फैला था, तब भी चिकित्सक खुले में ज्यादा रहने और भीड़ भरे बंद कमरे में न रहने की सलाह देते थे। वही सावधानी अब काली खांसी में बरतने की सलाह देनी चाहिए। हाथ व शरीर की स्वच्छता और यदि बच्चा छींक या खांस रहा है, तो उसके व अपने मुंह पर मास्का लगाना चाहिए। वातानुकूलित कमरों में रहना चूंकि मजबूरी है, इसलिए हमें स्वच्छता पर ज्यादा ध्यान देना होगा और अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के पर्याप्त उपाय रखने पड़ेंगे। सांस के मरीजों के फेफड़ों में संक्रमण (निमोनिया), दिल और दिमाग पर असर हो सकता है। सभी सरकारी व निजी अस्पतालों को जरूरी टीकों के साथ अपने मोरचे पर पूरी तैयारी रखनी चाहिए।*

# मन निरंतर चक्र की भांति घूमता रहता है, इसे भी थोड़ा आराम देना जरूरी

**अध्यात्म**

आज मनुष्य स्वयं को शक्तिहीन महसूस कर रहा है जबकि उसके पास अनंत शक्तियां हैं। वह शक्तियों का एक बहुत बड़ा खजाना है। शक्ति का होना एक बात है, शक्ति का प्रकट होना दूसरी बात है। कुछ लोग ऐसे होते हैं जिनके पास धन होता है पर उन्हें पता नहीं होता कि उनके पास धन है। वे अज्ञान में रहते हैं। कुछ लोग ऐसे हैं, जो यह जानते हैं कि उनके पास धन है, फिर भी वे उपयोग नहीं कर पाते। इस दुनिया में वे कृपण कहलाते हैं, कंजूस कहलाते हैं। इस दुनिया में कंजूसों की कमी नहीं है। ऐसे भीखमंगे भी देखे हैं कि जिनके मरने के बाद, लाखों-करोड़ों रुपये उनके पास निकले और जीते जी रोटी मांगकर खाते रहे। यह दुनिया बड़ी विचित्र है। अज्ञान के कारण हम अपनी शक्तियों से अपरिचित हैं। कुछ-कुछ जाना है जिन लोगों ने, वे भी उसका उपयोग नहीं कर रहे हैं। या तो उनके पास समय नहीं है, या प्रमाद है या और कुछ है कि अपनी शक्तियों को जानते हुए भी वे उनका प्रयोग नहीं करते, काम में नहीं लेते। ध्यान-योग का मतलब है अपनी शक्तियों को जानना और उनका रचनात्मक एवं सृजनात्मक उपयोग करना। घर में गाय है। गाय को बांध दिया। पर गाय दूध अपने आप तो नहीं देगी। अपने आप देती है, वह कुछ और होता है। या तो गोबर होता है या गो-मूत्र होता है। दूध अपने आप नहीं देती। हमें यह जानना पड़ता है कि दूध कैसे दुहा जाता है। जब तक हम यह न सीख लें कि काम कैसे लिया जाए तब तक काम नहीं बनता। काम तब बनता है जब हम यह जान लें कि काम कैसे लिया जाए, कब लिया जाए। शरीर से तो कोई आदमी स्थिर भी हो सकता है, शिथिल हो सकता है, शांत हो सकता है। पर क्या मन को स्थिर करना संभव है/ क्या मन को टिकाया जा सकता है/ क्या मन पर हमारी किसी भी तरह की जीत संभव है/ हां, यह संभव है। बिल्कुल संभव है। लेकिन इसके लिए हमें काफी प्रयास करने की आवश्यकता है। जब हम यह करेंगे, उसी दिन हमारी शक्तियों का विकास होगा। इसके लिए शरीर के साथ ही मन को भी स्थिर करना होगा। योग का सबसे बड़ा मर्म, योग का सबसे बड़ा रहस्य है - संतुलन। गति और स्थिति का संतुलन, प्रवृत्ति और निवृत्ति का संतुलन। हम लोग गति ज्यादा करते हैं, प्रवृत्ति ज्यादा करते हैं, इसलिए अशांति पैदा होती है। शरीर की गति ज्यादा होती है, शरीर में तनाव बढ़ जाता है। मन की गति ज्यादा होती है तो दोनों में तनाव आता है। मन की अशांति क्या है/ मन की ज्यादा गति ही मन की अशांति है। जो भी व्यक्ति अच्छा जीवन, सुख का जीवन जीना चाहता है, वह योग को जीवनशैली बनाए। कोई भी व्यक्ति योग को छोड़कर शांति का जीवन नहीं जी सकता। आप जानते हैं कि जीवन में शांति नहीं होती तो सुख नहीं मिलता। सुख शांति के बाद आता है। शांति के बिना सुख की सामग्री प्राप्त हो सकती है, सुख प्राप्त नहीं हो सकता। सुख प्राप्त होता है शांति के द्वारा और शांति हो सकती है गति और स्थिति के संतुलन के द्वारा। मन निरंतर चक्र की भांति घूमता रहता है। इसे भी थोड़ा आराम देना जरूरी है। इसे आराम मिलेगा तो अन्तर्शक्तियों को, अन्तर्मन को जगाने का मौका मिलेगा। यह है योग का मर्म।

# सुण मौल्लड़ की



ग्रामीण क्षेत्रों में भाजपा को ज्यादा परिश्रम करना पड़ेगा।

**ओड़ै लोगां की नाराजगी अर विपक्ष का फायदा। विपक्ष म्ह वोट बटंण का फायदा भाजपा नै।**

# कैसा रहेगा आपका कल

**मेष :** व्यक्तित्व में निखार आएगा। शत्रु परास्त होंगे। नए संपर्कों का लाभ मिलेगा।
**वृषभ :** जल्दबाजी में कार्य करने से बचें। आय में वृद्धि होगी। परिवार में बढ़ौतरी संभव है।
**मिथुन :** अनुभवी लोगों का साथ मिलेगा। परिवार में खुशी का माहौल बना रहेगा। नई जिम्मेदारी आने से व्यस्तता बढ़ेगी।
**कर्क :** नई योजनाओं की शुरूआत में बाधा आएगी। संदेह की स्थिति में फैसला लेना मुश्किल होगा। मन में उदासी बनी रहेगी। गाय माता की सेवा करें।
**सिंह :** प्रोपर्टी में निवेश का मन बनेगा। जटिल काम सहज ही पूरा कर लेंगे। आय के स्त्रोत बढ़ेंगे।
**कन्या :** राज्यपक्ष से लाभ मिल सकता है। कैरियर में नए प्रस्ताव प्राप्त होंगे। मेहनत का पूरा लाभ मिलेगा।
**तुला :** आकस्मिक धन लाभ होगा। यात्रा सुखद रहेगी। मन में उत्साह बना रहेगा।
**वृश्चिक :** महत्वपूर्ण निर्णय लेने से बचें। हो सके तो यात्रा को टाल दें। दूसरों के मामले में दखल देने से बचें। सूर्य को जल दें।
**धनु :** यात्रा सुखद रहेगी। कारोबारी विस्तार की योजना बनेगी। निजी संबंधों में मधुरता बढ़ेगी।
**मकर :** मन अशांत रहेगा। कानूनी मामलों की अनदेखी से मुश्किल बढ़ सकती है। लापरवाही की तो हानि उठानी पड़ेगी। काली माता की पूजा करें।
**कुंभ :** नई योजनाओं की शुरूआत लाभकारी रहेगी। सकारात्मक सोच का लाभ मिलेगा। खान-पान में सावधानी रखें।
**मीन :** अपनों के व्यवहार से खिन्नता बढ़ेगी। असामाजिक गतिविधियों से दूर रहें। आत्मविश्वास में कमी आएगी। भगवान हनुमन जी की पूजा करें।



**ज्योतिषी मोहित वशिष्ठ**
नक्षत्र एस्ट्रोलोजी, प्रथम तल 12-एन, माडल टाउन मार्केट, हिसार (मो. : 94666-69799)

# बैसाखी पर्व, नृत्य व्यायाम और पीले वस्त्र साथ-साथ



**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 15 अप्रैल :** बैसाखी के उपलक्ष में हिसार के परफेक्ट हेल्थ वीरांगना ग्रुप सीनियर सिटीजन समूह ने विशेष समारोह का आयोजन किया जिसमें नृत्य, व्यायाम और गीत आदि से मनोरंजन किया गया। इसमें संचालिका सुनीला सिंह के साथ-साथ देवेंद्र टिवाना, रेनू शर्मा, कुसुम वर्मा, कमल भादू, दर्शन कक्कड़, नेहा परूथी, सुमित्रा, उर्मिल, यशवंती, लक्ष्मी, प्रभा अग्रवाल, सरोज बाला, स्नेह लता गोयल और कैलाश आदि ने भाग लिया।

# जिनके हाथ दूसरों की मदद के लिए खुले रहते हैं, देने की मुद्रा में रहते हैं, उनके हाथ सदा भरपूर रहते हैं!

**-पाठकपक्ष डेस्क-**



मेरी एक मित्र जो संस्कृत और इंडोलॉजी की विद्वान थी,वेद शास्त्रों का भी उसे ज्ञान था, उसने मुझे एक संस्कृत का श्लोक उद्धृत करते हुए बताया था, वो तो मुझे याद नहीं पर उसका अभिप्राय यह था कि धन की केवल दो ही गतियां होती है, एक या तो उसका उपभोग कर लो या दान में दें दो, वही आपका अपना है, बाकी तो उसने टिकना तो है नहीं, मतलब वो छूट ही जाएगा। यह बात उसने मुझे तब सुनायी थी, जब उसके पिता जो कि आर्युवेद के बहुत बड़े विद्वान थे, और उनके पास बहुत सारी धन संपदा थी,पर वो किसी को कुछ दे नहीं सकते थे, अपने बच्चों तक को भी नहीं देते थे और वो यह बात स्वीकार भी करते थे कि उनसे स्वयं दिया नहीं जाता, उन्हें देते समय बड़ा कष्ट होता था, मतलब उनके हाथ से धन छूटता ही नहीं था।यह भी एक संस्कार होता है, किसी का लेने का संस्कार होता है तो किसी का देने का संस्कार होता है। वैसे तो हम सभी लेते भी है, देते भी है, पर हमारी वृत्ति कैसी है, हमें लेने में सुख ज्यादा मिलता है या देने में, किसी को बटोरना, इकठ्ठा करना, संग्रह करना ज्यादा अच्छा लगता है तो किसी को छोड़ने में, उसे त्यागना सुखकर प्रतीत होता है, उसे लगता है कि चलो अच्छा हुआ मुक्ति मिली।जब हम किसी चीज को पकड़ते हैं तो हम उससे बंधते भी है और जब छोड़ते हैं तो केवल वो चीज़ ही नहीं छूटती,हम भी उससे छूटते है। असुरक्षा की भावना जितनी अधिक होगी, वह वस्तुओं, धन और साधनों को पकड़ कर रखेगा, इसके विपरीत यह भी सत्य है कि जो अर्जन कर सकता है, सही मायने में विसर्जन भी वही कर सकता है, जिसे अपने पर विश्वास होता है कि धन या कोई भी साधन चला भी जाएं तो वह उसे दोबारा कमा लेगा, यही कारण है कि युवा अवस्था में हम खर्च करने और दूसरों को देने के मामले में बहुत दिलेर होते हैं, पर जैसे ही बुढ़ापे की तरफ बढ़ते हैं तो सोच समझ कर खर्च करने लगते हैं। दरअसल इस मामले में हमारी मूल वृतियां ही हमारे व्यवहार को नियमित और नियंत्रित करती है। एक बार एक सेठ जी अपने नौकर के साथ नदी के किनारे किनारे चल रहे होते हैं, सेठ जी का अचानक पांव फिसलता है और सेठ जी नदी में गिर जाते हैं। नौकर वहां शोर मचाता है कि प्लीज कोई मदद करो सेठ जी नदी में गिर गये है। उसे तैरना नहीं आता था और किनारे पर खड़ा लोगों को सेठ जी को बचाने के लिए गुहार लगाने लगा। सेठ जी नदी में आगे बहते जा रहे थे। यह देख एक युवक ने नदी में छलांग लगाई और सेठ जी को कहने लगा कि अपना हाथ दीजिए कि वह उनको पकड़ कर बाहर निकाल सकें। पर सेठ जी डूबते जा रहे पर अपना हाथ नहीं दिया। नौकर जो यह सब देख रहा था, उस युवक से बोला कि आप सेठ जी को अपना हाथ दे दो, कहो कि लो मेरा हाथ पकड़ लो, क्योंकि हमारे सेठ जी सिर्फ लेना ही जानते हैं, देना नहीं, इसलिए वो अपना हाथ नहीं दे रहे, आप उन्हें अपना हाथ दीजिए। वही बात हुई, सेठ जी ने उसका हाथ पकड़ा और वह उन्हें नदी से बाहर ले आया। कहने का अभिप्राय यह है कि यद्यपि हम सब जीवन में लेते भी है और देते भी है, पर हमारे संस्कार, हमारी मूल वृत्तियां, हमारे रुझान और हमारे झुकाव हमारे व्यवहार को प्रभावित करते हैं। न कोई साथ कुछ लेकर आया है और न ही लेकर हम कुछ जाते हैं, न कुछ खोना है और न कुछ पाना है, बस स्वयं अनुभव क्या करते हैं, दूसरों को कैसे समझने का प्रयास करते हैं, हमारे हाथ कैसे खुले हुए हैं, लेने की मुद्रा में है या देने की मुद्रा में, बस इतनी सी हकीकत है, बाकी तो सारा फसाना है।

**-डॉ. कमलेश कली**

# कर्म का मर्म

## सेवक हमारे लिए कितना सम्माननीय



गौतम बुद्ध एक दिन राजपथ से जा रहे थे। उन्होंने देखा कि एक तालाब के नजदीक एक भिक्षुक स्नान करने के बाद बारी-बारी से छहों दिशाओं की ओर हाथ जोड़कर जप कर रहा था। बुद्धदेव ने उससे पूछा, 'महाशय! आपने अभी-अभी छहों दिशाओं को प्रणाम किया। क्या, आप मुझे बताएंगे कि इसका क्या अभिप्राय है/' 'महात्मन! यह तो मुझे नहीं मालूम'- उस व्यक्ति ने उत्तर दिया। गौतम बुद्ध ने कहा, 'जब आप मूल उदेश्य ही नहीं जानते तो पूजा-पाठ और जप का क्या महत्व है/' तब वह भिक्षुक बोला, 'भंते! अब आप ही बता दीजिए कि छहों दिशाओं को प्रणाम करने का क्या प्रयोजन है/' तथागत बोले, 'माता-पिता और गृहपति की पूर्व दिशा, आचार्य की दक्षिण दिशा, स्त्री तथा पुत्र-पुत्रियों की पश्चिम और मित्र आदि की उत्तर दिशा है। रही बात ऊर्ध्व और अधोदिशा की, तो ऊर्ध्व दिशा श्रमण-ब्राह्मण के लिए तथा सेवक के लिए अधोदिशा है। इन छहों दिशाओं को किया गया प्रणाम उक्त सभी व्यक्तियों को प्रणाम करने के समान होता है।' 'यह तो ठीक है, भंते! मगर सेवक को प्रणाम करने का क्या प्रयोजन है/ सेवकों से उच्च होने के कारण वे हमें प्रणाम करते हैं।' तब बुद्धदेव ने उसे समझाया, 'सेवक भी मनुष्य हैं और हम भी मनुष्य हैं। जब वे हमारी सेवा करते हैं, तो हमारा भी कर्तव्य हो जाता है कि हम उनकी सेवा के बदले उनके प्रति स्नेह-वात्सल्य प्रकट करें। सेवकों को प्रणाम करते समय हम उनके प्रति स्नेह भाव व्यक्त कर रहे होते हैं। हमें उन्हें तुच्छ भाव से नहीं देखना चाहिए।' इस उत्तर से भिक्षुक संतुष्ट हो गया और उसने बुद्धदेव से कहा, 'भंते! आज वास्तव में मुझे छह दिशाओं को प्रणाम करने का अर्थ समझ में आया। साथ ही मेरी अज्ञानता से पर्दा उठा और समझ में आया कि सेवक हमारे लिए कितना सम्माननीय होता है।'

# स्वामी सत्यानंद महाराज के प्रवचन 19 अप्रैल से 25 तक देवी भवन के नए भवन में

**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 15 अप्रैल :** अखिल भारतीय सोस्हम महामंडल शाखा हिसार के तत्वाधान में स्वामी सत्यानंद महाराज जी के प्रवचन19 अप्रैल से 25 तक स्थानीय देवी भवन में स्थित नए भवन में होगें। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी में संस्था के प्रमुख कार्यकर्ता राकेश गर्ग ने बताया कि परम् पूज्यअनन्त श्री विभूषित महामंडलेश्वर श्री स्वामी विवेकानंद जी महाराज वृन्दावन वालों की सत्यप्रेरणा व उन्हीं के कृप्यापात्र सोस्हम पीठाधीश्वर श्री सत्यानंद महाराज जी की अध्यक्षता में आयोजन किया जा रहा है। साथ में अन्य संतों के मुखारबिंद से सत्संग सुनने का अवसर प्राप्त होगा। सेवादार राकेश गर्ग ने बताया कि 19 अप्रैल से 25 तक प्रतिदिन सायं 3 से 4 महिला संकीर्तन होगा इसके अलावा सायं 4 से 5 बजे तक संतो के प्रवचनों का कार्यक्रम रहेगा। इसके अलावा सम्मेलन में आए संतो के लिए प्रतिदिन शुद्ध भंडारे का आयोजन भी रहेगा। इस मौके पर संस्था के सभी सदस्य उपस्थित रह कर अपनी सेवाएं देगें।

# भगवद् भक्ति ही एकमात्र जीवन का सारांश : पं. प्रहलाद मिश्र

**-पाठकपक्ष न्यूज-**



**हिसार, 15 अप्रैल :** रामपुरा मौहल्ला स्थित गीता भवन में चैत्र नवरात्रों के उपलक्ष में चल रहे रामचरितमानस-प्रवचन व संकीर्तन के छठे दिन श्रद्धालुओं को प्रवचन देते हुए अंतर्राष्ट्रीय कथा व्यास श्रीधाम अयोध्या से आये पं. प्रहलाद मिश्र, रामायणी ने कहा कि भगवद् भक्ति ही एकमात्र जीवन का सारांश है। भक्ति का मार्ग अत्यंत सरल एवं सुखद माना गया है। विश्वास ही उपासना का मूलाधार है। बिना विश्वास के भक्ति नहीं होगी और बिना भक्ति के परामात्मा की दया नहीं होती और ईश्वर की अनुग्रह के बिना यह जीव कभी विश्राम को प्राप्त नहीं होता। यह रामायण का पावन संदेश है। जैसे रास्ते का पानी कभी निर्मल नहीं होता ठीक उसी प्रकार साधक के हृदय में जब तक कामनाओं की दौड़ रहेगी, मन कभी विश्राम को प्राप्त नहीं होता। भावना से भगवान के समीप और कामना से दूरी हो जाती है। उन्होंने कहा कि भक्ति की नौ प्रकार की भूमिकाओं से जीवन को जोडक़र रखना चाहिये। ज्ञान भक्ति दोनों ही सत्संग में जन्म लेते हैं इसलिये नित्य ही सत्संग करना चाहिये। सत्संग कीर्तन के दौरान भजन गायक सुमित मित्तल, जितेश राखा व शुभम अरोड़ा ने भजनों की वर्षा की। आज की सत्संग सभा में सभा की प्रधान उषा बक्शी, महामंत्री दयानंद बंसल, धर्मबीर ग्रोवर, दर्शन सेठी, गंगाधर पाल, शम्मी शर्मा, श्याम सुंदर शर्मा, सतपाल अरोड़ा, कृष्ण नागपाल, पं. सत्यवान शर्मा, नंदलाल धमीजा, राज रानी गुप्ता, स्नेह गोयल, सुषमा मदान सहित अनेक श्रद्धालु भी उपस्थित रहे। संस्था की प्रधान उषा बख्शी ने बताया कि 16 अप्रैल तक नित्य प्रति सायं 4 से 6:30 बजे तक प्रवचन होंगे। 17 अप्रैल को सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12 बजे तक भजन संकीर्तन होगा तथा रामायण पाठ का भोग डाला जाएगा।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर ने हमें समानता और स्वतंत्रता का अधिकार दिया : दिलबाग हुड्डा

**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 15 अप्रैल :** रविवार को कांग्रेस कार्यालय हिसार में डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 133वीं जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर कांग्रेस नेता बजरंग गर्ग, भ.कि यु प्रदेशाध्यक्ष दिलबाग हुड्डा लुदास सिंह दलाल, सुखबीर डूडी, चेयरमैन कमल सहरावत, अनुपाल, कृष्ण मौजूद रहे। इस अवसर पर दिलबाग हुड्डा ने बताया भारत रत्न बाबा साहब की 133जयंती है, जिन्होंने समानता और स्वतंत्रता का अधिकार दिया। जिन्होंने गरीब और कमेरा वर्ग के उत्थान के लिए हमेशा कार्य किए। उनके किए कार्य को भुलाया नहीं जा सकता। इस तरह के महान व्यक्ति सदियों में एक जन्म लेते हैं और आज हम उनको नमन करते हैं।

**डॉ. बलबीर सैनी**
B.A.M.S. M.D. Uni. (Rohtak)
चर्म, एलर्जी, सैक्स व गुप्त रोग विशेषज्ञ
**बलबीर हस्पताल**
पता : पुरानी सब्जी मण्डी चौक, बड़वाली ढाणी, निकट हनुमान मंदिर, हिसार
✆ 92156-88573

## सर्वाजनिक सूचना

मैं, यश पुत्र श्री राजेश सोनी, निवासी मकान नं. 589/11 वार्ड नं. 11, जगदीश कालोनी, हांसी, तह. हांसी व जिला हिसार, हरियाणा सूचित करता हूं कि मेरे आधार कार्ड, स्कूल रिकार्ड व अन्य सभी कागजात में मेरा नाम यश दर्ज है, और मेरे पिता का नाम राजेश सोनी दर्ज है, जबकि मेरे ड्राइविंग लाइसेंसे नं. एचआर21 20190000237 में मेरा नाम यश सोनी व पिता का नाम राजेश दर्ज है। उपरोक्त नाम यश व यश सोनी मेरे स्वयं के तथा राजेश व राजेश सोनी मेरे पिता के नाम है। अब मैं मेरे उपरोक्त लाईसेंस में नाम दुरूस्त करवाना चाहता हूं, जो अन्य कागजात के अनुसार दुरूस्त दर्ज किया जाए।

**शपथकार**

# आएगी शैरों वाली मां, दिल से बुलाकर देख .. .., शिव मंदिर, एम.सी. कालोनी में माता की चौकी में झूमे श्रद्धालु

**-पाठकपक्ष न्यूज-**



**हिसार, 15 अप्रैल :** श्रीशिव मंदिर ट्रस्ट, एम.सी. कालोनी के तत्वाधान में शिव मंदिर में नवरात्र पर्व के उपलक्ष्य में माता की चौकी का आयोजन किया गया। सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने माता के दरबार में माथा टेका। मंदिर ट्रस्ट के प्रधान रामअवतार अग्रवाल ने बताया कि माता की चौकी में हिसार से भजन गायक राजेंद्र काका, बरवाला से पूजा सांवरिया व मां की भावना ने महामाई का गुणगान किया। मैय्या का चोला है रंगला.., आएगी शेरों वाली मां दिल से बुलाकर देख.. आदि भेंटें गाकर श्रद्धालुओं को झूमने के लिए मजबूर कर दिया। अग्रवाल ने बताया कि निवर्तमान मेयर गौतम सरदाना ने सपत्नीक मुख्यातिथि के रुप में भाग लेकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया व श्रद्धालुओं को नवरात्रों की शुभकामनाएं दीं। मंदिर ट्रस्ट की ओर से उन्हें सम्मानित किया गया। मंदिर में आए हुए भक्तों ने नवरात्रों के उपलक्ष्य में मंदिर में जल रही अखण्ड ज्योतों के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। उन्होंने बताया कि राम नवमी के दिन प्रातः 8 बजे हवन करके प्रसाद का वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर सेवादार रामनिवास गोयल, सुभाष मित्तल, संजय गोयल, प्रमोद गोयल, डा. अनिल शर्मा, सुशील रहेजा, कैलाश सलूजा, अमरनाथ, सीताराम, आर.एम.पानू, राजेश सैनी, राकेश अग्रवाल, राजू सोनी आदि उपस्थित रहे।

muse
a designer's commune
STOCK CLEARANCE
UPTO
80%OFF
DESIGNER BRANDS IN BOUTIQUE PRICES
Add. Muse Multi Designers Store N121 1st Floor Model Town Gurudwara Road(above Lovely Salon) phone No 8222035555

# भाजपा का संकल्प पत्र हर वर्ग का हितैषी व जनता की उम्मीद : डॉ. सतीश पूनिया

## पार्टी के हरियाणा लोकसभा प्रभारी ने किया प्रदेश की सभी सीटें जीतने का दावा

-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 15 अप्रैल :** भारतीय जनता पार्टी लोकसभा प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया ने पार्टी की ओर से जारी संकल्प पत्र को हर वर्ग का हितैषी व जनता की उम्मीद बताया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने संकल्प पत्र में केवल वही बातें कही है, जो पूरी की जा सके।

डॉ. सतीश पूनिया पार्टी जिला कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में चुनावों का बिगुल बजा हुआ है, पहले व दूसरे चरण का प्रचार अभियान जोरों पर है। दो चरणों की तैयारियां व पार्टी को मिल रहे जनसमर्थन को देखते हुए हम निश्चित रूप से कह सकते हैं कि लोकसभा चुनाव में भाजपा 400 पार का आंकड़ा आसानी से पार कर लेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपना संकल्प पत्र जारी कर दिया है, संकल्प पत्र जारी करने से पूर्व जनता से सुझाव भी मांगे गए और जनता से मिले सुझावों के अनुरूप ही पार्टी ने अपना संकल्प पत्र तैयार करके जारी किया है। उन्होंने कहा कि पहले दो बार सरकारों को नेतृत्व करके प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के हर क्षेत्र में कायाकल्प करने में



कोई कसर नहीं छोड़ी और अब तीसरी बार सरकार बनने के बाद देश में जो परिवर्तन होंगे, उसे दुनिया देखेगी।

डॉ. सतीश पूनिया ने कहा कि वर्ष 2014 में विशुद्ध राजनीतिक क्रांति हुई और एनडीए ने पूर्ण बहुमत से केन्द्र में सरकार बनाई। अगले पांच साल बाद जनता ने भाजपा को और बड़ा जनादेश दिया, जिसके चलते भाजपा अपने दम पर सरकार बनाने में सफल रही है और तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 400 पार का नारा दिया है, जो अवश्य पूरा होगा। उन्होंने कहा कि 10 साल के शासनकाल में केन्द्र सरकार ने इतने विकास कार्य करवाएं हैं, जिनको गिनवाया भी नहीं जा सकता। इसी तरह राम मंदिर निर्माण व धारा 370 खत्म करने वाले ऐसे निर्णय भी मोदी शासन में हुए, जो हर किसी को असंभव लगते थे। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव के हरियाणा प्रभारी होने के नाते वे प्रदेशभर के विभिन्न लोकसभा क्षेत्रों के दौरे पर हैं। हिसार में आज बैठक हुई है। इससे पहले अन्य लोकसभा क्षेत्रों की बैठकें की गई है। हर जगह से बहुत अच्छा रिस्पांस है, जिसके चलते हम कह सकते हैं कि प्रदेश की सभी 10 लोकसभा सीटों पर भाजपा जीत दर्ज करेगी।

पत्रकार वार्ता में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, लोकसभा उम्मीदवार रणजीत सिंह, प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया, हिसार जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़, जींद जिला अध्यक्ष राजू मोर, हिसार लोकसभा प्रभारी अमरपाल राणा, सह प्रभारी रवि सैनी, जिला महामंत्री अशोक सैनी व आशीष जोशी, जिला उपाध्यक्ष धर्मवीर रतेरिया, लोकसभा मीडिया प्रभारी राजेंद्र सपरा व सुरेश गोयल धूपवाला, सोशल मीडिया प्रमुख अमर पातड़ सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।

# हरियाणवियों के हक पर बाहरियों का कब्जा : कुमारी सैलजा

## भाजपा सरकार का भर्ती गैंग दूसरे प्रदेशों के आवेदकों में कर रहा नौकरियों की बंदरबांट

-पाठकपक्ष न्यूज-

**चंडीगढ़, 15 अप्रैल :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, उत्तराखंड की प्रभारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश की सरकारी नौकरियों में हरियाणा के युवाओं की बजाए अन्य प्रदेशों के आवेदकों को प्राथमिकता दी जा रही है। क्लास-1 व 2 की जिन पोस्ट पर हरियाणवियों को काबिज होना चाहिए, उन पर बाहरियों को काबिज किया जा रहा है। सरकारी नौकरियों की इस बंदरबांट खुद भाजपा सरकार का भर्ती गैंग जुटा हुआ है, जिसकी पसंद हरियाणा के उच्च शिक्षित युवाओं की बजाए अन्य प्रदेशों के आवेदक हैं। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि ताजा मामला पंचायती राज विभाग में एसडीओ (सिविल) की भर्ती का सामने आया है। इसमें सामान्य वर्ग की 48 सीटों में से 19 चयनित कैंडिडेट हरियाणा से बाहर के हैं, जो कुल पदों का 40 प्रतिशत हैं। जब भी



कोई सरकारी भर्ती होती है तो हर बार बाहरी लोग ही भाजपा के भर्ती गैंग की प्राथमिकता होते हैं। खास तौर से क्लास-1 व 2 की भर्ती में तो हरियाणा से बाहर के लोगों को ही नौकरी बांटी जा रही हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा हरियाणा के युवाओं को खुलकर बता देना चाहिए कि प्रदेश में उनके लिए कोई जगह नहीं है और न ही उनकी योग्यता की कोई इज्जत है। क्योंकि, इससे पहले साढ़े चार साल तक भाजपा-जजपा सरकार ने भी हरियाणा के युवाओं के साथ इसी तरह से अन्याय किया। साल 2014 से ही ये हरियाणवी विरोधी नीतियां अपनाए हुए हैं। हरियाणा के बाहर से ही उच्च पदों पर भर्तियां कर रहे हैं। कुमारी सैलजा ने कहा कि असिस्टेंट प्रोफेसर (पॉलिटिकल साइंस) के 18 में से 11 पदों पर हरियाणा के बाहर वालों को नियुक्ति दी। एसडीओ (इलेक्ट्रिकल) के 80 में से 78 पदों पर हरियाणा के बाहर वालों का चयन किया। मामला उठा तो यह भर्ती रद्द कर दी। एसडीओ (इलेक्ट्रिकल) के 99 में से 77 पदों पर हरियाणा के बाहर वालों को नियुक्ति दी। लेक्चरर ग्रुप बी, टेक्निकल एजुकेशन विभाग में 157 में से 103 पदों पर बाहरियों को नौकरी दी। एचसीएस एग्जीक्यूटिव ब्रांच 2017 के 3 पदों में से 1 पर हरियाणा से बाहर वाले को तैनाती दी। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इसी तरह एचसीएस एग्जीक्यूटिव ब्रांच बीडीपीओ के 7 पदों में से 4 पर हरियाणा के बाहर वालों का चयन किया। डिस्ट्रिक्ट हॉर्टिकल्चर ऑफिसर के 26 में से 12 पदों पर भी हरियाणा से बाहर वालों को ही नियुक्ति दी। यही नहीं, अब बाहरी राज्यों के आवेदकों को भी सोशियो इकोनॉमिक के 5 मार्क्स देने शुरू कर दिए हैं। जिसका खामियाजा भी हरियाणवियों को भुगतना पड़ता है। एचसीएस (ज्यूडिशियल ब्रांच) से हरियाणा जनरल नॉलेज हटा दी गई है। ताकि, हरियाणा के बाहर के लोगों की भर्ती का रास्ता और अधिक खुल सके, जबकि अन्य कोई भी राज्य ऐसा नहीं करता।

# हर वर्ग को ध्यान में रखकर जारी किया गया भाजपा का संकल्प पत्र : सुभाष बराला

## किसान, महिला, युवा व गरीब पर संकल्प पत्र में किया गया विशेष फोक्स

-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 15 अप्रैल :** भाजपा राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा है कि भाजपा का संकल्प हर वर्ग को ध्यान में रखकर जारी किया गया है। किसान, गरीब, महिला व युवा पर विशेष फोक्स किया गया है ताकि इनको खुशहाल किया जा सके।

सुभाष बराला भाजपा जिला कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वैसे तो भाजपा का संकल्प पत्र हर वर्ग के हितों को ध्यान में रखकर जारी किया गया है लेकिन इन चार वर्गों पर विशेष फोक्स किया गया है। भाजपा के 10 वर्ष के शासनकाल में किसान खुशहाल हुआ है। किसानों को फसलों के उचित भाव मिले हैं वहीं प्राकृतिक आपदा की हालत में उन्हें उचित मुआवजा दिया गया ताकि उन्हें आर्थिक नुकसान न हो। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जनता से रायसुमारी करके संकल्प पत्र तैयार किया है और इसे जारी करने के बाद हर वर्ग में स्वागत हो रहा है।

सुभाष बराला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा चुनाव में 400 पार का नारा दिया है, वह हर हालत में फलीभूत होगा। देश की जनता तीसरी बार मोदी



सरकार बनाने की ठान चुकी है और विपक्ष का सफाया निश्चित है। उन्होंने कहा कि वास्तव में विपक्ष के लोग सरकार बनाने के लिए नहीं बल्कि अपनी इज्जत बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हिसार सहित प्रदेश की सभी 10 लोकसभा सीटों पर भाजपा उम्मीदवार मजबूत स्थिति में हैं और सभी सीटें भाजपा जीतेगी।

भाजपा लोकसभा मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि इस दौरान राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने हिसार लोकसभा बारे आयोजित बैठक में हिस्सा लिया। इस दौरान जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़, पार्टी नेता अनिल सैनी एवं अन्य भी मौजूद रहे।

# विहिप ने भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर की सामाजिक समरसता संगोष्ठी



-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 15 अप्रैल :** विश्व हिंदू परिषद जिला हिसार की ओर से भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर दिव्यांग विकलांग कार्यालय, भारत विकास परिषद में सामाजिक समरसता यज्ञ और संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्रीय सामाजिक समरसता प्रमुख ईश्वर लाल द्वारा अमीरी-गरीबी, ऊंच-नीच, छुआछूत इत्यादि भेदभाव को समाज में पूर्णत~ समाप्त करने व कुरीतियों से दूर रहकर समाज में एकरुपता, समानता, समता जैसे भावों को उत्पन्न करके समाज में आपसी भाईचारे बनाये रखने का आह्वान किया गया। संगोष्ठी में अनेक महिलाओं व पुरुषों ने भाग लिया। प्रांत सामाजिक समरसता प्रमुख भाई गोपाल भट्ट ने कहा कि हम यह आयोजन सिर्फ हिसार में ही नहीं अपितु अन्य जिलों में भी इस तरह की संगोष्ठियों का आयोजन करते रहेंगे। हमारा मुख्य उद्देश्य यही होगा कि समाज के हर वर्ग को आपस में जोडऩा और जोडक़र आगे बढ़ते हुए हिंदू धर्म की रक्षा करते रहना। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सह जिला संघचालक भूपेंद्र ने विश्व हिंदू परिषद जिला हिसार को इस भव्य आयोजन के लिए बधाई दी और कहा इस प्रकार के आयोजन समाज को जोडऩे के लिए होते रहने चाहिए। मंच संचालन डॉ. देवेंद्र सिंह और कोकिल शर्मा ने किया। जिलाध्यक्ष डॉ राजेंद्र गुप्ता ने भारत रत्न डॉ. भीम राव अम्बेडकर के जीवन परिचय पर प्रकाश डालते हुए मंचासीन अतिथिजनों का धन्यवाद किया। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद जिला हिसार ने जिला सामाजिक समरसता प्रमुख का दायित्व वीरेंद्र कुमार को, सह जिला सामाजिक समरसता प्रमुख अनिता बिंदल को और सह जिला सामाजिक समरसता प्रमुख नितिन कौशिक को बनाया। सभी पदाधिकारी समाज में समरसता और जुड़ाव बनाने का कार्य करेंगे। जिला कार्यकारिणी ने सभी नये पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। इस कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष रविन्द्र गोयल, उपाध्यक्ष प्रवीण गुप्ता, उपाध्यक्ष ममता सोनी, धर्म जागरण प्रमुख संजीव, रमाशंकर, मातृशक्ति संयोजिका मीनाक्षी, कोषाध्यक्ष डॉ. अनुराग, नगर अध्यक्ष श्याम सोनी, डॉ. पवन कुमार, डॉ. दीपक, प्रचार प्रमुख दीपक, सोनिया आदि उपस्थित रहे।

## हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट ने बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर जयंती पर अर्पित किए श्रद्धासुमन

# संविधान निर्माता भीमराव अंबेडकर ने हमेशा गरीब, पिछडों व शोषित के न्याय की लड़ी लड़ाई : लाल बहादुर खोवाल

-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 15 अप्रैल :** हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट ने बैठक आयोजित करके बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर को श्रद्धासुमन अर्पित की। भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट के पदाधिकारियों व सदस्यों ने उनके कार्यों को याद किया और अंबेडकर की संघर्ष गाथा से सीखने का आह्वान भी किया। इस बैठक में हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने कहा कि संविधान निर्माता भीमराव अंबेडकर ने हमेशा गरीब, पिछड़ों व शोषित के न्याय की लड़ाई लड़ी। इसी भांति नारी उत्थान व महिला सशक्तीकरण के लिए भी उन्होंने विशेष प्रयास किए।



एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने कहा कि हर भारतवासी को भीमराव अंबेडकर के दिखाए मार्ग का अनुसरण करना चाहिए। संविधान सम्मत कार्य करने का सभी को संकल्प भी लेना चाहिए। बाबासाहेब ने हमेशा जात-पात व ऊंच-नीच की सोच का विरोध करते हुए समरसता, समानता व सदभाव से जीने की राह दिखाई। खोवाल ने कहा कि यदि हम बाबासाहेब को श्रद्धांजलि देना चाहते हैं तो उनके सिद्धांतों को अपने जीवन में ढालकर उनके पालन की आदत डालनी होगी।

खोवाल ने कहा कि भीमराव अंबेडकर के परिवार के साथ सामाजिक व आर्थिक भेदभाव किया जाता था। इसलिए भीमराव को बचपन में काफी कष्टों का सामना करना पड़ा। इस भेदभाव के कारण उनके मन में समरसता व सदभाव से परिपूर्ण समाज के गठन का विचार आया। ऐसा समाज जो जाति व वर्ग से परे हो, जहां सभी के समान अधिकार हों और सभी को आगे बढ़ने के समान अवसर मिलें। भीमराव अंबेडकर लड़कियों की शिक्षा पर विशेष बल देते थे। उनका मानना था कि लड़कियों को भी शिक्षा ग्रहण करने एवं आगे बढ़ने के समान अवसर मिलने चाहिए। वे कहते थे कि यदि लड़कियां पढ़ी-लिखी होंगी तो हमारा समाज तेजी से विकास करेगा।

एडवोकेट खोवाल ने कहा कि अफसोस की बात यह है कि संविधान निर्माता भीमराव अंबेडकर के आदर्शों को अपनाने की अपेक्षा वर्तमान सरकार देश को खोखला करने में जुटी है। संविधान से छेड़छाड़ की जा रही है और गरीब, मजदूर, शोषित व पिछड़े वर्ग को प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बाबासाहेब द्वारा निर्मित संविधान से खिलवाड़ करने वालों को जनता सबक अवश्य सिखाएगी।

# हरियाणा राज्य सीनियर एथलैटिक्स चैम्पियनशिप : 10000 मीटर वॉक रेस में हिसार की नितिन व 10000 मीटर दौड़ में विकास ने जीता स्वर्ण

-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 15 अप्रैल :** हिसार के धावकों ने हरियाणा राज्य सीनियर एथलैटिक्स चैम्पियनशिप के अंतिम दिन आज रविवार को भी विभिन्न स्पर्धाओं में अनेक पदक जीते हैं। दो दिवसीय यह प्रतियोगिता आज कुरुक्षेत्र के द्रोणाचार्य स्टेडियम में संपन्न हुई जिसमें प्रदेशभर से करीब 700 लड़के व लड़कियों ने भाग लिया।

एथलैटिक्स हरियाणा के महासचिव प्रदीप मलिक व मीडिया को-आर्डिनेटर राजू कनोह ने बताया कि चैम्पियनशिप दूसरे दिन भिवानी के खिलाड़ियों का दबदबा रहा। 10000 मीटर वॉक रेस लड़कियों में प्रथम नितिन (हिसार), द्वितीय शर्मिष्ठा तृतीय खुशदीप कोर (फतेहाबाद) रही। 10000 मीटर दौड़ लड़कों में हिसार का विकास प्रथम रहा और स्वर्ण पदक जीता। 400 मीटर लड़कियों की रेस में रितिका (हिसार) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सोनू (हिसार) ने लड़कों की 110 मीटर हर्डल में कांस्य पदक जीता। उन्होंने बताया कि 100 मीटर हर्डल (लड़कियों) में प्रथम भतेरी (हिसार), तृतीय कोमल (हिसार) रही। लड़कों की ट्रिपल जम्प में विजय (हिसार) ने कांस्य पदक अपने नाम किया। उन्होंने जानकारी दी कि इस प्रतियोगिता के क्वालीफाई खिलाड़ी 12 मई को भुवनेश्वर में होने वाली नैशनल प्रतियोगिता में हरियाणा राज्य का प्रतिनिधित्व

करेंगे। समापन समारोह के मुख्य अतिथि के तौर पर अर्जुन अवॉर्डी मनोज बॉक्सर मौजूद रहे। प्रतियोगिता की अध्यक्षता एथलैटिक्स



फैडरेशन ऑफ इंडिया (ए. एफ. आई.) के सह सचिव राजकुमार मिटान ने की।

इस मौके पर एथलैटिक्स हरियाणा के निदेशक नरेंद्र मोर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजीव खत्री, सीनियर सह सचिव कुलदीप अहलावत, कोषाध्यक्ष जसवंत, यशपाल चोपड़ा, जितेंद्र बांगड़, धर्मवीर छिकारा, प्रवीण कुमार, हरपाल सिंह, मनी चौधरी, अंजू रानी मौजूद आदि भी रहे।

**अंतिम दिन के परिणाम इस प्रकार रहे :**

10000 मीटर वॉक रेस लड़कों में प्रथम संदीप (भिवानी), द्वितीय विकास (भिवानी), तृतीय विक्रम (हिसार)। 10000 मीटर वॉक रेस लड़कियों में प्रथम नितिन (हिसार), द्वितीय शर्मिष्ठा तृतीय खुशदीप कोर (फतेहाबाद) रहे। 10000 मीटर दौड़ लड़कों में प्रथम विकास (हिसार), द्वितीय रोहित (सोनीपत), तृतीय सुनील (पंचकूला) रहे। 10000 मीटर दौड़ लड़कियों में प्रथम ललिता (सिरसा), द्वितीय मंजू (भिवानी) तृतीय अराधना पांडे (अंबाला) रहीं। 100 मीटर लड़कियों में प्रथम शुभम (जींद), द्वितीय काजल (पानीपत), तृतीय नेहा जींद रहे। 100 मीटर लड़कों में प्रथम जगदीप द्वितीय आदित्य राज (सोनीपत) तृतीय तनिश श्योराण (कुरुक्षेत्र) रहे। 400 मीटर लड़कों में प्रथम विक्रांत पांचाल (फरीदाबाद), द्वितीय अभिषेक (फतेहाबाद), तृतीय गुलशन (कुरुक्षेत्र) रहे। 400 मीटर लड़कियों में प्रथम रितिका (हिसार), द्वितीय प्राची शर्मा (फरीदाबाद), तृतीय दिव्या कुमारी (पानीपत) रहे। 800 मीटर लड़कों में प्रथम वीरेंद्र (भिवानी), द्वितीय विकास (भिवानी) तृतीय अनिल कुमार (महेंद्रगढ़) रहे। 800 मीटर लड़कियों में प्रथम उर्वशी (झज्जर), द्वितीय तनु देवी (जींद) तृतीय मीना कुमारी (भिवानी) रहे।110 मीटर हर्डल लड़कों में प्रथम प्रवीण कुमार (जींद), द्वितीय आकाश सिंह (रोहतक), तृतीय सोनू (हिसार) रहे। 100 मीटर हर्डल लड़कियों में प्रथम भतेरी (हिसार), द्वितीय पलवी (भिवानी), तृतीय कोमल (हिसार) रहे। ट्रिपल जंप लड़कों में प्रथम अजय (भिवानी), द्वितीय अजय कुमार (भिवानी), तृतीय विजय (हिसार) रहे। ट्रीपल जंप लड़कियों में प्रथम प्रतिभा (झज्जर), द्वितीय शशि, तृतीय तनु यादव (फरीदाबाद) रहे। हाई जंप लड़कों में प्रथम सोनू राम (सिरसा), द्वितीय ऋतिक (झज्जर), तृतीय यश (यमुनानगर) रहे। हाई जंप लड़कियों में प्रथम अंकिता (भिवानी), द्वितीय मुस्कान (कैथल), स्मृति यादव (रेवाड़ी) तृतीय रहे। जैवलिन थ्रो लड़कों में प्रथम रवि तंवर (भिवानी), द्वितीय अभिलाष (भिवानी), तृतीय सनुज (सोनीपत) रहे। जैवलिन थ्रो लड़कियों में प्रथम ज्योति (झज्जर), द्वितीय सलोनी (करनाल), तृतीय खुशी (भिवानी) रहे। डिस्कस थ्रो लड़कियों में प्रथम स्वाति (जींद), द्वितीय नितिन रानी (पानीपत) तृतीय कृति रावल (पानीपत) रहे। डिस्कस थ्रो लड़कों में प्रथम अनिल कुमार (करनाल), द्वितीय सुनील ढाका (रोहतक), तृतीय साहिल (जींद) रहे।

# हिसार सहित प्रदेश की सभी 10 लोकसभा सीटों पर इनेलो के हाथ मजबूत करे जनता : सुनैना चौटाला

-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 15 अप्रैल :** लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है इसी सिलसिले में हरियाणा प्रदेश की जनता से प्रार्थना करती हूं न केवल हिसार बल्कि 10 की 10 सीटों पर इनेलो पार्टी के हाथ मजबूत करे। इनेलो ने अपने शासन काल में अनेक कार्य किए हैं और हमेशा जन कल्याण की नीतियों बनाई है और दोबारा भी प्रदेश की जनता इनेलो को मौका जरूर देगी। यह बात हिसार लोकसभा से इनेलो पार्टी की उम्मीदवार सुनैना चौटाला ने हिसार में पत्रकार वार्ता के दौरान कही।

सुनैना चौटाला ने कहा कि हिसार लोकसभा के हर हल्के में हाजिरी लगाने का हमारा मकसद है जिसमें सबसे पहले उकलाना हलके के दौलतपुर गांव से इसकी शुरूआत की है। उसके बाद बरवाला, कल हिसार शहर में है और उसके बाद बवानी खेड़ा, उचाना, नारनौंद सहित सभी 9 हलकों में मैं जाऊंगी। उन्होंने कहा कि हलके में दौरे के दौरान मैंने पाया कि हिसार लोकसभा के सभी हलकों में सड़कों की हालत बेहद खराब है। मुख्य रूप से जो समस्याएं हैं ना तो अस्पतालों में डॉक्टर है, ना स्कूलों में टीचर हैं। आदमपुर में नगर पालिका नहीं है। इसके अलावा हलके के किसान बेहद दुःखी हैं। यदि बीजेपी व जेजेपी की नेताओं ने किसानों की



बात सुनी होती तो आज उन्हें हर जगह इसका विरोध झेलने को नहीं मिलता।

भाजपा ने देश-प्रदेश के हालत बदतर कर दिए हैं इसीलिए हम चाहते हैं कि भारतीय जनता पार्टी को सत्ता से बाहर किया जाए ताकि अमन और चैन हमारा भाईचारा कायम रह सके। चौधरी देवीलाल जी ने पूरे हरियाणा प्रदेश को अपना परिवार समझा। उन्होंने कभी भी प्रदेश की जनता को परिवार से अलग नहीं समझा पूरा प्रदेश हमारा परिवार है।

जेजेपी पर पूछे सवाल में सुनैना चौटाला ने कहा कि सबसे ज्यादा अगर इंडियन नेशनल लोकदल को किसी ने नुकसान पहुंचाया है तो वह जेजेपी है। मैं राजनीति को समाज नीति से करने में विश्वास रखती हूं जिसकी प्रेरणा मुझे मेरे दादा चौ. प्रताप सिंह से मिली है। उन्होंने इनेलो की सरकार आने पर सर्व प्रथम किसानों के लिए जो प्रदेश में 75 प्रतिशत हैं उनके लिए काम करने की बात कही जिसमें एम.एस.पी की गारंटी, स्वामीनाथन आयोग लागू करवाने की लड़ाई सहित किसानों को अन्य मुद्दों को प्राथमिकता के साथ हल करवाया जाएगा। बुजुर्गों की पेंशन 7500, बेरोजगार युवाओं को 21000 रूपये बेरोजगरी भत्ता, महिलाओं को हर घर हर चुल्हे को 1100 रुपये, एक गैस का सिलेंडर भरवाकर देंगे। परिवर्तन यात्रा के दौरान प्रदेश में सभी समस्याओं को नोट किया है उन्हें पूरा करवाएंगे। उन्होंने दावे के साथ कहा कि प्रदेश में परिवर्तन की लहर है और अभय सिंह चौटाला प्रदेश के अगले मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं।

हिसार में लोकसभा में किससे फाइट है के सवाल पर उन्होंने कहा कि हम यहां फाइट करने नहीं जनता का प्यार पाने के लिए आए हैं। चौ. देवीलाल ने जो जगह प्रदेश के लोगों के दिलों में बनाई वही बनाने आए हैं। भात भरने के सवाल पर उन्होंने कहा कि हमारे धर्म में है जब भी भात भरते हैं 36 बिरादरी साथ आती है। हिसार लोकसभा की 36 बिरादरी से भात भरवाने के लिए आई हूं और एक वायदा भी हिसार लोकसभा की जनता वोटों के रूप में भात भर दे उसे सवाया करने का काम मैं करूंगी।

भाजपा के बारे में उन्होंने कहा कि भाजपा वो दल है जिसने किसी को भी ठगने में कमी नहीं छोड़ी है। चौ. भजनलाल ने हिसार को गुजवि दी। मनोहर लाल खट्टर का उनके प्रति टिप्पणी करना बेहद गलत है। प्रेस कांफ्रेंस में सतबीर सिसाय जिला प्रधान इनेलो, जितेंद्र श्योराण हिसार हलका प्रभारी, राजेश चुघ जिला प्रवक्ता, राजीव राजा, विकास श्योराण व ललिता टाक आदि भी मौजूद रहे।

# प्रोलिफिक राइटर व एजुकेशन लीडर बने डॉ. संदीप सिंहमार

## 1096 आर्टिकल व रिसर्च पेपर के साथ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम हुआ शामिल

-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 15 अप्रैल :** हिसार जिले के छोटे से गाँव कुलाना में जन्में प्रोफेसर (डॉ.) संदीप सिंहमार को साहित्य लेखन व शिक्षा के क्षेत्र में 'प्रोलिफिक राइटर और एजुकेशन लीडर' अवॉर्ड मिला है। इसी के साथ डॉ. सिंहमार का नाम वेब बुक का रिकॉर्ड में वर्ल्ड रिकॉर्ड के तौर पर शामिल हो गया है। इससे पहले नवंबर 2023 में डॉ. संदीप कुमार सिंहमार को शिक्षा व साहित्य के क्षेत्र में ही 'द यूनाइटेड नेशंस एजुकेशनल, साइंटिफिक एंड कल्चरल ऑर्गेनाइजेशन' (यूनेस्को) हैडक्वाटर पेरिस में ग्लोबल टीचर अवॉर्ड-2023 से भी नवाजा जा चुका है। यूनेस्को से ग्लोबल टीचर अवार्ड प्राप्त करने वाले पहले भारतीय बनने का गौरव भी डॉ.संदीप सिंहमार के ही नाम है। इसके अलावा उनका संयुक्त राष्ट्र की थीम 'विश्व शांति चाहिए, युद्ध नहीं' विषय पर अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिका अक्षरवार्ता में भी शोध पेपर प्रकाशित हुआ है। डॉ सिंहमार को परंबलुरु में आयोजित



इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में उच्चतर शिक्षा में सराहनीय योगदान को देखते हुए यूनेस्को व यूएनओ से प्रमाणित संस्था अमेरिकन रिसर्च काउंसिल व यूरोपीय काउंसिल फॉर हायर एजुकेशन एंड एक्रीडिटेशन यूनाइटेड किंगडम से भी इंटरनेशनल अवॉर्ड मिल चुके हैं। शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय भूमिका निभाने वाले शिक्षकों एवं शोधार्थियों को यह पुरस्कार प्रदान किया जाते है। एन. आई. आई. एल. एम. विश्वविद्यालय में एसोसिएट प्रोफेसर एवं हिंदी विभागाध्यक्ष के तौर पर कार्यरत डॉ संदीप कुमार सिंहमार का नाम वर्ल्ड रिकॉर्ड बुक में शामिल होने पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर (डॉ) शमीम अहमद व कुलसचिव डॉ. राजीव दहिया, चेयरमैन संदीप चहल, निदेशक डॉ बलराज ढांडा व संदीप कुमार चहल व राजकीय महिला महाविद्यालय हिसार के प्राचार्य डॉ रमेश आर्य ने खुशी जताते हुए डॉ संदीप सिंहमार को बधाई दी। कुलपति प्रोफेसर (डॉ. शमीम अहमद ने कहा कि इस तरह के अवॉर्ड मिलने से जहाँ अन्य प्राध्यापकों को प्रेरणा मिलती है। वहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय का गौरव भी बढ़ा है। ज्ञात रहे कि डा. संदीप कुमार सिंहमार इंटरनेशनल काउंसिल फॉर एजुकेशन रिसर्च एंड ट्रेनिंग के चेयरमैन होने के साथ-साथ एन आई आई एल एम विश्वविद्यालय में एसोसिएट प्रोफेसर हैं। डॉ संदीप सिंहमार 400 से अधिक राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए शोधपत्र प्रस्तुत कर चुके हैं। इसके अलावा 152 शोध पत्र विभिन्न राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय जर्नल में प्रकाशित हो चुके हैं। स्वतंत्र लेखक व टिप्पणीकार के तौर पर भी उनके अब तक 1096 लेख/स्तंभ लेख व टिप्पणी विभिन्न समाचार पत्रों व संपादित पुस्तकों में प्रकाशित हो चुके हैं। वर्तमान में डॉ. सिंहमार सामरिक विषयों सहित समसामयिक मुद्दों पर अपने लेख लिखते रहते हैं। इन्हीं लेखों व उच्च शिक्षा के क्षेत्र में दिए गए योगदान के आधार पर अब सम्मान मिल रहा है।

# पार्टी के जेल का बदला वोट से व संविधान बचाओ कार्यक्रम को मिल रहा जनता का समर्थन : किरमारा

-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 15 अप्रैल :** आम आदमी के जिला अध्यक्ष दलबीर किरमारा ने कहा है कि वर्तमान में केन्द्र सरकार द्वारा लोकतंत्र पर किए जा रहे हमलों का जवाब देने के लिए हर वर्ग को एकजुट होना होगा। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने देश में अघोषित आपातकाल लागू कर रखा है और विरोधियों की आवाज को ईडी व सीबीआई से दबाया जा रहा है। दलबीर किरमारा लघु सचिवालय में डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क में पार्टी की ओर से आयोजित संविधान बचाओ-देश बचाओ कार्यक्रम के तहत पार्टीजनों व आए हुए नागरिकों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश में आपातकाल की हालत यह है कि एक चुने हुए मुख्यमंत्री को जेल में डाल दिया जाता है और उनके परिजनों व पार्टी के नेताओं को मिलने तक नहीं दिया जा रहा। उन्होंने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अलोकतांत्रिक ढंग से की गई गिरफ्तारी के विरोध में पार्टी ने जेल का जवाब वोट से अभियान चला रखा है, जिसको जनता का भारी समर्थन मिल रहा है। इसी तरह पार्टी ने आज संविधान निर्माता डॉ. भीमराम अंबेडकर की जयंती पर लोकतंत्र बचाओ-संविधान बचाओ अभियान के तहत देशभर में कार्यक्रम किए हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर ने देश को जो संविधान दिए और संविधान के तहत नागरिकों को जो अधिकार मिले उन्हीं अधिकारों व संविधान को केन्द्र सरकार कुचलना चाहती है,



जिसका देश की जनता बहादुरी से मुकाबला करके केन्द्र सरकार को सबक सिखाएगी। उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे कार्यक्रमों को पूरी मेहनत से सिरे चढ़ाएं ताकि केन्द्र को करारा जवाब दिया जा सके। कार्यक्रम का संचालन पार्टी नेता संजय बूरा ने किया। इस अवसर पर जिला सचिव कमल सोलंकी, वीएल शर्मा, उमेश शर्मा, सतबीर झाजड़िया, विरेन्द्र शर्मा, रामनाथ धुवारिया, अशोक शर्मा, जतिन शर्मा, सीताराम नलवा फौजी, सीताराम लोट, वीना कतीरा, ओमप्रकाश आदमपुर, नरेन्द्र कुंभा, सम्मी सांगवान, जगदीश राय, सुभाष किरमारा, बलराम नागर, बलराम शर्मा, कृष्ण शर्मा व सज्जन रावलवास सहित अनेक पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

# राजकीय प्राथमिक पाठशाला, पुलिस लाइन सेक्टर 16-17 की शिक्षिका मुन्नी देवी शिक्षा रत्न अवार्ड से सम्मानित

-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 15 अप्रैल :** लक्ष्य पब्लिक स्कूल की ओर से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी शिक्षा रत्न अवार्ड से बहुमुखी प्रतिभा के धनी शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह में शिक्षिका मुन्नी देवी सामाजिक कार्यकर्ता हिसार को शिक्षा रत्न सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया। उन्हें शिक्षा के क्षेत्र के साथ-साथ सामाजिक क्षेत्र में भी उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन लक्ष्य पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर रामनिवास वर्मा ने अपनी टीम की सहायता से किया। इस सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में प्रदीप नरवाल, मेजर डॉक्टर अभिषेक, समाजसेवी सियाराम,




सरपंच प्रतिनिधि सुरजीत वर्मा ने शिरकत की और सम्मान समारोह में पधारे सभी प्राइवेट गवर्नमेंट विद्यालयों व महाविद्यालय से आए प्राचार्य, प्रधानाचार्य, मुख्य अध्यापक व शिक्षकों को सम्मानित किया। राजकीय प्राथमिक पाठशाला पुलिस लाइन हिसार में प्राथमिक शिक्षिका के पद पर कार्यरत मुन्नी देवी को सम्मान मिलने पर विद्यालय परिवार से मुख्याध्यापिका अमरजीत कौर, शिक्षक गण सुनील, कृष्णा, प्रीति व सुषमा ने बधाई दी और विद्यालय का नाम इसी तरह रोशन करने के लिए प्रेरित किया। मुन्नी देवी ने सबका आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह का प्रोत्साहन जीवन में खुशियों के साथ-साथ एक नया उत्साह भी भर जाता है और उन्हें समाज में नए कार्य करने के लिए प्रेरित करता है।

# एएयू में डॉ बाबा भीम राव अम्बेडकर का मनाया गया जन्म दिन

-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 15 अप्रैल :** अनुसूचित जाति/जनजाति कर्मचारी संघ, चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार द्वारा डॉ बाबा भीम राव अम्बेडकर का संघ के कार्यालय पर जन्म दिवस मनाया गया। मंच का संचालन श्री प्रधान श्री मनोज द्वारा किया गया। इस उपलक्ष में डॉ पवन कुमार, इंचार्ज रिजर्वेशन सेल ने बतौर मुख्यवक्ता संविधान निर्माता डॉ बाबा भीम राव अम्बेडकर को पुष्प अर्पित किये। उन्होंने अपने अभिभाषण में सभा में उपस्थित सभी कर्मचारियों और विद्यार्थियों को सन्देश दिया कि शिक्षा के द्वारा ही समाज को जागृत किया जा सकता है।



प्रधान श्री मनोज कुमार ने बताया कि आज का दिन काफी पावन है, क्योंकि आज के दिन ही डॉ बाबा भीम राव अम्बेडकर 1891 में मध्य प्रदेश के महो कसबे हुआ। बाबा साहब ने सभी दलितों को समानता का अधिकार दिलवाने के लिए संविधान में कानूनों का निर्माण किया। श्री दिनेश मंगल (कार्यालय सचिव) ने कहा कि डॉ बाबा भीम राव अम्बेडकर ने विदेश से शिक्षा प्राप्त कर देश के संविधान निर्माण के कार्य में अपना योगदान दिया। उन्होंने बताया कि बाबा साहब ने अंग्रेजों की नौकरी का त्याग कर अपने देश में लोगों को जागृत करने का महान कार्य किया। डॉ राजेन्द्र वरिष्ठ उप-प्रधान, अनुसूचित जाति/जनजाति कर्मचारी संघ ने एक पंक्ति में कहा 'वक्त के सांचे में ना जाने किस - किस को बदल दिया, फिर एक आया जिसने सांचा ही बदल दिया। विद्यार्थी दर्शन ने इस अवसर पर अपने विचार रखते हुए कहा कि अभी भी समाज में जातिगत भेदभाव फैला हुआ है और इस तरह की भावना को शिक्षित होकर ही दूर किया जा सकता है। डॉ अरुण ने विद्यार्थियों को ज्यादा से ज्यादा मेहनत करने के लिए प्रतीत किया। इस अवसर पर डॉ सतपाल, डॉ राजेश कथवाल (प्रेस सचिव), डॉ भूपेंदर गुनपाल (मुख्य सलाहकार), डॉ सुरेश, डॉ सतीश, श्री रामपाल, श्री सुरजीत, श्री मुकेश, कुमारी दीप्ति, श्री राजेश, श्री नित्तम (सचिव), पारस, विजय, श्री सुरेंदर, श्री औम प्रकाश (सह - सचिव), राजेश छाछिया (कोषाध्यक्ष) व श्री अनंत राम इत्यादि मौजूद थे।

# हिसार रोडीज़ द साइकलिंग क्लब की नवरात्र राइड्स यात्रा पहुंची श्रीकाली देवी मंदिर हांसी

-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 15 अप्रैल :** नवरात्रों के पावन अवसर पर हिसार रोडीज़ द साइकलिंग क्लब की नवरात्र राइड्स के छठे दिन क्लब के सदस्यों ने रविवार को हांसी के काली देवी मंदिर तक साइकिलिंग की और वहां से हिसार वापस आए। हांसी काली देवी मंदिर में पहुंचकर वहां दर्शन और पूजा का लाभ लिया साथ ही मंदिर की तरफ से चलाई जा रही गौशाला को भी विज़िट किया। क्लब की तरफ से डॉक्टर अरुण अग्रवाल ने बताया कि यह काफी यादगार अनुभव रहा। काली देवी मंदिर प्रबंधन समिति के



पदाधिकारी सुभाष गोयल और अन्य ने क्लब सदस्यों का स्वागत किया और पूजा अर्चना करवाई। पूजा के बाद सभी सदस्यों को प्रसाद वितरित किया गया। मंदिर में दर्शन के बाद सभी सदस्य गौशाला में पहुंचे जहां पर बैसाखी के उपलक्ष में पदाधिकारियों ने सभी सदस्यों को पीला अंगवस्त्र प्रदान करके सबका स्वागत किया। आज की इस साइकिल राइड में डॉक्टर अरुण कुमार अग्रवाल के अलावा अंकित जैन, मनोज गुप्ता, तुषार गुप्ता, माहिर, पवन, डॉक्टर नीरव जैन, गौरव, रमन, सुभाष, मनीष, नमन, वैभव डूडेजा शामिल रहे।

# ईरान-इजरायल तनाव को लेकर विदेश मंत्री जयशंकर ने ईरानी और इजरायली समकक्षों से बात की

-पाठकपक्ष न्यूज-

**नई दिल्ली, 15 अप्रैल :** पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ईरान और इजराइल के अपने समकक्षों से टेलीफोन पर बातचीत की. रविवार को नेताओं के साथ हुई एक अलग बातचीत में, विदेश मंत्री जयशंकर ने ईरान द्वारा इज़राइल पर अभूतपूर्व हमले के बाद उत्पन्न स्थिति पर भारत की चिंताओं को साझा किया। ईरानी विदेश मंत्री के साथ बातचीत के दौरान उभरे मुद्दों पर बात करते हुए जयशंकर ने राजनयिक चैनलों के माध्यम से संकट को हल करने पर जोर दिया। जयशंकर ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर कहा, आज शाम ईरानी एफएम एच. अमीरबदोल्लाहियन से बात की। इसमें एमएससी एरीज़ के 17 भारतीय चालक दल के सदस्यों की रिहाई पर चर्चा हुई। क्षेत्र में मौजूदा स्थिति पर चर्चा की और तनाव से बचने के महत्व पर जोर दिया। संयम बरतते हुए, और कूटनीति की ओर लौटने पर सहमत हुए।

# लागी मां मेरी अंखिया...श्री श्याम मंदिर सेक्टर महामाई का गुणगान

-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 15 अप्रैल :** नवरात्रों की पावन अवसर पर छठी पर सायं श्री श्याम मंदिर सेक्टर 16 /17 में महामाई का गुणगान किया गया। यह सच्ची सरकार है इसकी दया पर है इसकी रहमत से चला मेरा घर संसार है, ढूंढने लगी मां मेरी अखियां, तू कितनी भोली है तू कितनी प्यारी है मां ओ मां भजन गायको ने अमृतवर्षा कर भक्तो को मत्रमुग्ध कर दिया। आरती पश्चात हलवा- छोले एवं फलों का प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर भजन एवं कथावाचक कृष्ण हांडा, कमेलश, मदन लाल एवं श्री श्याम मंडल के प्रधान विनोद अग्रवाल, रामकुमार गोयल,



दिनेश बिंदल, औम प्रकाश गोयल, त्रिलोक बंसल, लक्ष्मी मित्तल, अजय जैन, सुभाष सैनी, शतीश बंसल सहित बड़ी सख्यां मे भक्तजन मौजूद रहे।



# उपायुक्त ने फसल ख़रीद प्रबन्धों की समीक्षा की, फसल खरीद उपरांत त्वरित उठान के दिये निर्देश

## कहा, 72 घंटे के अंदर किसानों का हो भुगतान



-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 15 अप्रैल :** उपायुक्त प्रदीप दहिया ने भारतीय खाद्य निगम, कृषि एवं किसान कल्याण, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, कृषि विपणन बोर्ड सहित सभी खरीद एजेंसियों के अधिकारियों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसल खरीद सुनिश्चित करने, मंडियों में सभी प्रबंध पुख्ता रखने, फसल खरीद उपरांत त्वरित उठान तथा किसानों को तय समय सीमा में भुगतान किए जाने की हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि जे - फॉर्म कटने के 72 घंटे के अंदर - अंदर किसान को उनके बैंक खाते में भुगतान हो जाना चाहिए। मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद द्वारा आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के उपरांत उपायुक्त ने रबी-फ़सल की खरीद से संबंधित व्यवस्थाओं की समीक्षा की और अभी तक हुई ख़रीद व भुगतान की विस्तृत जानकारी भी ली। उपायुक्त ने कहा कि किसानों को अपनी फ़सल की बिक्री करने में किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े। इस बार मंडियों में बिक्री के लिए अधिक फसल आने की उम्मीद है, ऐसे में मंडियों में अतिरिक्त व्यवस्थाएं की जाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि 'मेरी फसल मेरा ब्यौरा' पोर्टल पर किसानों द्वारा दर्ज फसल का 15 अप्रैल तक वेरिफिकेशन कर लें। किसानों को मंडी में उचित दरों पर भोजन और पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। साथ ही बारदाना की भी पर्याप्त उपलब्धता हो। उपायुक्त ने कहा कि बरसात की स्थिति में तिरपाल, पानी निकासी इत्यादि के सभी प्रबंध सुनिश्चित कर लिए जाएं।

# पूर्व मंत्री चौधरी हरिसिंह सैनी के आवास पर विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं सामाजिक संस्थाओं व प्रशासनिक अधिकारियों ने पहुंचकर शोक प्रकट किया



पूर्व मंत्री श्री हरिसिंह सैनी के निधन पर हिसार के सैनियान मौहल्ला स्थित उनके आवास पर शोक जताने पहुंचे जेजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर अजय सिंह चौटाला।

पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 15 अप्रैल :** स्व. चौधरी हरि सिंह सैनी एक ऐसे नेता थे जिनके कमरे तक आम आदमी की पहुँच थी। उक्त विचार आज पूर्व मंत्री चौधरी हरि सिंह सैनी के आवास पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए जेजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला ने कही। उन्होंने कहा ऐसे नेता का चले जाना आम नागरिक को पीड़ादायक बना गया। उनकी भरपाई होना भी मुश्किल है। उन्होंने सदैव राजनीति के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में भी अग्रणी भूमिका निभाई और समाज को आर्य समाज उसकी विचारधारा के माध्यम से जोड़े रखा। ऐसे नेता को सच्ची श्रद्धांजलि वही होगी हम उनके मार्ग पर चलते हुए इस समाज को एक सूत्र में पिरोने का काम करें हैं और उन द्वारा दिखाई गई समाजसेवा के मार्ग को पूरे दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ाएं। आज पूर्व मंत्री प्रोफेसर संपत सिंह, पूर्व मंत्री प्रोफेसर छत्रपाल, पूर्व मंत्री देवेंद्र बबली, पूर्व मंत्री अनूप धानक, जोगीराम सिहाग विधायक, शकुंतला राजलीवाला पूर्व मेयर, डॉ दलवीर सैनी, कप्तान टीकाराम, अजय सिंह तहसीलदार, बजरंगदास गर्ग, पार्षद विनोद ढांडा, पार्षद शालूदीवान, पार्षद ज्योति भीममहाजन, सुशील शर्मा पार्षद प्रतिनिधि, पार्षद अमित ग्रोवर, पूर्व पार्षद सुनील वर्मा, पूर्व पार्षद मदन लाल बुंदेला, डॉ रमेश पूनिया, डॉ रामकुमार सैनी, डॉ अमरसिंह सैनी उप-निदेशक पूर्व पशुपालन विभाग, महेंद्र चावला एसडीओ, सुनील वर्मा अधीक्षक अभियन्ता, रामस्वरूप जौहर, सुभाष शर्मा, दीदार पुनिया प्रधान जाट शिक्षण संस्था, हिमांशु मलिक एडवोकेट गोपीचंद वर्मा एडवोकेट, पीसी मित्तल एडवोकेट, एसएम आनंद एडवोकेट, रविंदर फोगाट पूर्व प्रधान छात्रसंघ, कुलबीर धवन पूर्व प्रधान छात्रसंघ, विक्रम कुलड़िया पूर्व प्रधान छात्रसंघ,जजपा जिला अध्यक्ष अमित बुरा व अनेक गणमान्य लोगों ने उनके निधन पर शोक प्रकट किया।

# हरियाणा ब्राह्मण खाप के पदाधिकारियों, ब्राह्मण समाज के गणमान्य व्यक्तियों को सम्मानित किया



पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 15 अप्रैल :** ब्राह्मण खाप हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष अशोक शर्मा एवं अन्य कार्यकारिणी सदस्यों के सम्मान में सामाजिक कार्यकर्ता संजीव कौशिक के डाबड़ा चौक स्थित प्रतिष्ठान श्री बालाजी मोटर ड्राइविंग स्कूल में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर खाप के प्रदेशाध्यक्ष प्रधान अशोक शर्मा, प्रदेश सचिव रामफल शर्मा व हिसार जिला प्रधान रोशन बास व समाज के अन्य गणमान्य व्यक्तियों का फूल मालाओं से अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के आयोजक संजीव शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण खाप की कार्यकारिणी के गठन से सामाजिक मुद्दों को हल करने में बल मिलेगा वहीं समाज की एकता में भी खाप अहम भूमिका अदा करेगी। उन्होंने व कार्यक्रम में मौजूद ब्राह्मण समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने अशोक शर्मा, रामफल शर्मा, रोशन बास व अन्य पदाधिकारियों को बधाई व शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जिला ब्राह्मण सभा के प्रधान राजकुमार शर्मा, एम.सी. पिंकी शर्मा, एम.सी. सुशील शर्मा को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उचाना प्रधान रिषीराम शर्मा, नीरज बास, राजेंद्र शर्मा, प्रदीप कौशिक, बलवान शर्मा, संदीप शर्मा किरमारा, जितेंद्र शर्मा, विकास कौशिक, मनदीप, बलजीत शास्त्री, महावीर शर्मा सूर्य नगर, बृजेश पांडे व समाज के अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे जिन्होंने खाप के पदाधिकारियों व समाज के अन्य गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत व सम्मान किया।

# दी आर्यन स्कूल के विद्यार्थियों ने 'इंगलिश लैंगवेज असैस्मैंट' में लहराया परचम





पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 15 अप्रैल :** कैमरी रोड़ स्थित दी आर्यन स्कूल के विद्यार्थी जो सर्वदा शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणीय रहते हैं। इस बार भी उन्होंने अपनी इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए अपनी कार्य कुशलता को बरकरार रखा व सफलता का परचम लहरा दिया। आर्यन स्कूल के विद्यार्थियों ने कैम्ब्रिज यूनिवर्स्टी द्वारा आयोजित 'इंगलिश लैंगवेज असैस्मैंट' परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय तथा अभिभावक वर्ग का सिर से ऊँचा कर दिया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी इस परीक्षा में अंग्रेजी के विभिन्न स्तरों की सम्मिलित परीक्षा ली गई, जिसमें विद्यार्थियों को विभिन्न कौशलों द्वारा परखा गया। इस परीक्षा में कक्षा दो से बारह तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कैम्ब्रिज यूनिवर्स्टी द्वारा अन्तरराष्ट्रीय स्तर की इस परीक्षा को पास करने के बाद विद्यार्थी किसी भी अन्तरराष्ट्रीय विद्यालय में प्रवेश हेतु योग्यता हासिल कर लेता है, जो कि अपने-आप में विशेष उपलब्धि है। आर्यन स्कूल के कुल 115 बच्चों ने परीक्षा दी, जिसमें 40 बच्चे शत प्रतिशत अंक यानि 15 में से 15 बैण्डस लेकर विजयी रहे। सभी विद्यार्थी श्रवण, वाचन व लेखन कौशल में पूर्णयता परिपक्वता हासिल कर ए ग्रेड के अधिकारी बने। साथ ही साथ केएटी व पीएटी 17 विद्यार्थी श्रवण, वाचन व लेखन कौशल में पूर्णयता परिपक्वता हासिल कर ए ग्रेड के दावेदार बने। दूसरी ओर 13 विद्यार्थी 15 में से 14 बैण्डस लेकर उच्चतम श्रेणी में रहे। विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को परीक्षा से पूर्व विद्यालय स्तर पर तीनों कौशलों में निपुण बनाने हेतु अभ्यास करवाया जाता है ताकि सभी विद्यार्थी अग्रेंज़ी भाषा में पूर्णता प्राप्त कर धरा के किसी भी कोने में जाकर सफलता का परचम लहरा सकें। विद्यालय प्रधानाचार्या श्रीमत्ती अनीता भंडारी ने सभी विद्यार्थियों के अभिभावकों व अध्यापक वर्ग को बधाई दी व विद्यार्थियों को मेहनत को सराहा। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया तथा सर्वदा इसी प्रकार आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

# दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में 16 व 17 अप्रैल को शिविर लगाकर निशुल्क किए जाएंगे नेत्र ऑपरेशन

पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 15 अप्रैल :** भारत विकास परिषद की विवेकानंद शाखा द्वारा संचालित दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में 16 व 17 अप्रैल को निशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर आयोजित किया जाएगा। 16 अप्रैल को श्री ऋषि देव जैन की पुण्य स्मृति में निशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर लगेगा। श्री ऋषि देव जैन मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में लगने वाले इस शिविर में आंखों के सफेद मोतियाबिंद की समस्या से जूझ रहे जरूरतमंद लोगों की आंखों के निशुल्क ऑपरेशन किए जाएंगे। इसी भांति 17 अप्रैल को पवन जिंदल की पुत्री नुपूर जिंदल द्वारा शिविर आयोजित करवाकर 21 लोगों की आंखों के निशुल्क ऑपरेशन में विशेष सहयोग किया जाएगा। इस दोनों शिविर में जरूरतमंद लोगों की आंखों के सफेद मोतियाबिंद के निशुल्क ऑपरेशन अनुभवी व प्रशिक्षित चिकित्सकों द्वारा किए जाएंगे। इस शिविर के लिए पंजीकरण शुरू हो गया है। बस स्टैंड के पास न्यू ऋषि नगर में स्थापित दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में किसी भी कार्यदिवस में निशुल्क पंजीकरण करवाया जा सकता है। दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अध्यक्ष सुरेंद्र कुच्छल, सचिव एडवोकेट राजेश जैन व प्रोजेक्ट हेड रामनिवास अग्रवाल ने बताया कि समाजसेवियों के सहयोग से समय-समय पर जरूरतमंद लोगों की आंखों के सफेद मोतियाबिंद के निशुल्क ऑपरेशन किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में नेत्र जांच, नेत्र चिकित्सा व नेत्र ऑपरेशन की तमाम आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं और अनुभवी व प्रशिक्षित चिकित्सकों द्वारा ही समस्त कार्य किए जाते हैं।

# कबीर सत्संग भवन में रामनवमी पर्व पर तीन दिवसीय 28वां अखंड पाठ 17 अप्रैल से



पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 15 अप्रैल :** स्थानीय महावीर कालोनी स्थित कबीर सत्संग भवन में रामनवमी पर्व के उपलक्ष्य में 17 अप्रैल से 19 अप्रैल तक जगतगुरु आचार्य श्री गरीबदास महाराज की अमृतमयी वाणी का तीन दिवसीय 28वां अखण्ड पाठ आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए सत्संग भवन के संचालक संत शिव दास ने बताया कि 17 अप्रैल को अखंड पाठ का सुबह 10:15 बजे पाठ प्रकाश शुरू होगा। 18 अप्रैल को सुबह 10:15 बजे मध्य का भोग, संध्या आरती व रात्रि का सत्संग होगा तथा 19 अप्रैल को सुबह 10:15 बजे पूर्ण भोग की आहुति का आयोजन एवं अमृत प्रवचन गरीबदासी आचार्य पीठाधीश्वर श्री महंत दया सागर द्वारा होगा। संत शिव दास ने सभी श्रद्धालुओं व सत्संगीजनों से अनुरोध किया कि वे इस सत्संग में आकर महंत दया सागर द्वारा पूर्ण परमात्मा सत पुरुष श्री राम की महिमा सुनें और सभी विकारों से दूर होकर अपने जीवन को सफल बनाएं।

# पूरे विश्व के युवाओं एवं अभाव ग्रस्त लोगों के लिए एक प्रेरणा बाबा साहब अम्बेडकर : रतेरिया



पाठकपक्ष न्यूज

**हांसी, 15 अप्रैल :** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा स्थानीय काली देवी रोड़ पर संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक प्रवीण सिंगला ने बताया कि इस अवसर पर भाजपा हिसार जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट धर्मवीर रतेरिया सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट धर्मवीर रतेरिया ने बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबा साहब विलक्षण प्रतिभा के धनी व्यक्ति थे। देश जब गुलामी की बेड़ियों मे जकडा हुआ था। जाति-पाति एवं छुआ- छात अपने चरम पर था। शिक्षा एक सपना था उस समय की विपरीत परिस्थितियों मे बाबा साहब ने जो सफलता हासिल की वो न केवल भारत अपितु पूरे विश्व के युवाओं एवं अभाव ग्रस्त लोगों के लिए एक प्रेरणा है। उन्होंने आजीवन समाज को एकसूत्र मे बांधने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि आज देश मे केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार एवं प्रदेश मे नायब सरकार भी बाबा साहब द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलते हुए कार्य कर रही है। इस अवसर पर मंडल कोषाध्यक्ष प्रवीण सिंगला, प्रवीन सैनी, रवि यादव, प्रवेश दहिया, साहिल सैनी, साहिल यादव, सावन कुमार आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बाबा साहब थे शोषित और वंचितों के मसीहा : पं सुमन शर्मा



पाठकपक्ष न्यूज

**हांसी, 15 अप्रैल :** संविधान निर्माता बाबा भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के उपलक्ष पर लाल सड़क स्थित सुमन शर्मा के कार्यालय पर बाबा साहब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता पं सुमन शर्मा ने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में भारत को गिना जाता है, जिसका सारा श्रेय बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को जाता है। उन्होंने ही हमारे भारत देश का संविधान लिखा था जिसके कारण ही आज प्रत्येक व्यक्ति के अधिकार और दायित्व तय किए जाते हैं। उन्होंने समाज में समानता लाने के लिए पिछली पंक्ति में खड़े शोषित और वंचितों को अग्रिम पंक्ति में लाने का कार्य किया। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का मुख्य वाक्य शिक्षा वह शेरनी का दूध है जो पियेगा दहाड़े का जरूर आज विश्व भर में प्रसिद्ध है और उनके इन्हीं सिद्धांतों का पालन करते हुए देश के अनेक लोगों ने शिक्षा क्षेत्र में आगे बढ़ते हुए भारत देश का पूरे विश्व में नाम रोशन किया। आज उनकी जयंती पर उन्हें हम कोटि-कोटि नमन करते हैं और भगवान से यह प्रार्थना भी करते हैं कि समाज का प्रत्येक वर्ग एक दूसरे के साथ सद्भाव और सामंजस्य के साथ रहे और पिछड़े और शोषित व्यक्तियों को समाज में आगे लाने के लिए अगली पंक्ति में खड़े लोगों को भर्षक प्रयास करते रहना चाहिए। इस अवसर पर रामनिवास कौशिक, पंडित जगदीश शर्मा, निशु कक्कड़, सुखीराम, बंसीलाल प्रताप सिंह, भागमल जांगड़ा, आत्मप्रकाश गिरधर आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।









# हरि सिंह सैनी उच्च कोटि के इंसान थे, उन्होंने अपना पूरा जीवन वैदिक नियमानुसार जिया : सतवीर जांगड़ा

पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 15 अप्रैल :** आर्य समाज के अध्यक्ष व पूर्व मंत्री चौधरी हरि सिंह सैनी वास्तव में ही उच्च कोटि के इंसान थे जिन्होंने अपना पूरा जीवन वैदिक नियमानुसार जिया। वे एक ऐसे निष्पक्ष, निडर व कर्मठ राजनेता रहे जो सच्चे देशभक्त, समाजसेवी व पंचायती व्यक्तित्व के धनी थे। उनके उत्साह और दृढ़ संकल्प के गुणों को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। निश्चित तौर पर उनके निधन से ना केवल उनके परिवार को बल्कि पूरे समाज, राज्य और राष्ट्र को भी अपूर्णीय क्षति पहुंची है। पिछड़ा वर्ग कर्मचारी कल्याण, गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार प्रेसिडेंट सतवीर सिंह जांगड़ा और सीनियर वाइस प्रेसिडेंट रामपाल चौहान ने कहा कि समस्त पदाधिकारियों की तरफ से उस परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना करते हैं कि वे दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान देकर पीड़ित परिवार को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

## Name Change

I, Sandeep S/o Sh. Surender Goyal R/o H. No. 24C, Adarsh Nagar, Near Aggarwal Dharmshala, Uklana Mandi, Hisar-125113 hereby declare that I have changed my Name from Sandeep to Sandeep Jain for all future purposes.

- Deponent

## Name Change

I, Narmada Kaushik W/o Abhijeet Phogat R/o H. No. 09 A, Gali No. 12, Jawahar Nagar, Hisar, Haryana hereby declare that I have changed my Name from Narmada Kaushik to Narmada for all future purposes.

- Deponent

# कामरेड शिशुराम को श्रद्धांजलि अर्पित




पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 15 अप्रैल :** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ सदस्य शिशु राम का देहांत 9 अप्रैल को बीमारी की हालत में हो गया था। उनको श्रद्धांजलि देने के लिए आज उनके गांव खारिया में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा को संबोधित करते हुए मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य कमेटी सदस्य कामरेड सुखबीर सिंह, किसान व मजदूरों के नेता कपूर सिंह बगला, सीटू नेता सुरेश कुमार, युवा नेता प्रदीप बेनीवाल व पंकज बगला ने कहा की कामरेड शिशु पिछले 25 वर्षों से मेहनतकश वर्ग की हको की लड़ाई लड़ रहे हैं। उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि उनके दिखाएं रास्ते पर आगे बढ़कर उनके संघर्ष को जारी रखा जाए। आज श्रद्धांजलि सभा में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे, सभी ने उनको पुष्प अर्पित कर कर श्रद्धांजलि दी व कांग्रेस शिशु राम अमर रहे के नारों के साथ उन्हें सलाम पेश किया गया। सभी ने ये प्रण किया कि व कामरेड के विचार को आगे बढ़ाएंगे व शोषण से मुक्ति के संघर्ष को आगे लेकर जाएंगे।

# देश में बनेगी इंडिया गठबंधन की सरकार : अरुणा महाजन

### युवा कांग्रेस कार्यकर्ता करेंगे डोर टू डोर कैंपेन



पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 15 अप्रैल :** आज हिसार कांग्रेस भवन में युवा कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव व हरियाणा की प्रभारी अरुणा महाजन पहुंची व युवा कांग्रेस की मीटिंग लेकर डोर टू डोर अभियान चलाने के लिए दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि डोर टू डोर अभियान में युवा कांग्रेस कार्यकर्ता प्रदेश में अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचकर केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार, कानून-व्यवस्था जैसे मुद्दों पर लोगों से बात करेंगे। यह सभी विषय में भी उल्लेखित रहेंगे। इसके लिए हर जिले में अलग से टीम बनाई जाएगी, जिसमें जिले कांग्रेस कमेटी के प्रमुख पदाधिकारी भी शामिल होंगे। उन्होंने कहा कांग्रेस पार्टी ने लोकसभा चुनाव 2024 में पार्टी ने पांच न्याय 25 गारंटी का एलान किया है। कांग्रेस पार्टी के घोषणा पत्र में कांग्रेस ने युवा, महिला, किसान, श्रमिकों को न्याय दिलवाकर क्रांतिकारी बदलाव लाएं जाएंगे । प्रदेश महासचिव मनोज टाक माही ने कहा है कि आने वाले समय में दलित, आदिवासी, ओबीसी और अल्पसंख्यकों की हिस्सेदारी बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। न्याय गारंटी में पार्टी ने युवाओं को रोजगार की गारंटी, 30 लाख सरकारी पदों पर नौकरी, इंसाफ दिलाने के लिए मुफ्त कानूनी सहायता और गरीब महिलाओं की आर्थिक मदद जैसे कई ऐसे वादे किए हैं और उन वादों को सरकार बनने पर पूरा भी किया जायेगा। इस मौके पर प्रदेश महासचिव मनोज टाक माही, प्रदेश महासचिव दिनेश पुनिया, नरेश मलिक,नरेश प्रधान शोखल, सोंनु रानोलिया, सोनू लंकेश, सुभाष वर्मा, सुरेश पंघाल, विकास टाक, घनश्याम वर्मा, विशाल कड़वासरा, अनूप भुखल, अशोक सुनसुना, अजमेर आदि मौजूद रहे।

# राजपूत धर्मशाला में हवन व भंडारा 16 अप्रैल को

पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 15 अप्रैल :**राजपूत सभा, हिसार की बैठक आज स्थानीय राजपूत धर्मशाला में सभा प्रधान सावंत सिंह चौहान की अध्यक्षता में हुई। यह जानकारी देते हुए सभा के महासचिव मान सिंह राघव ने बताया कि बैठक में निर्णय लिया गया कि 16 अप्रैल मंगलवार को राजपूत धर्मशाला के दुर्गा मंदिर में हवन का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हवन 8 से 9 बजे तक होगा। हवन के बाद 9 से 10 बजे तक सत्संग का आयोजन किया जाएगा। सत्संग के बाद 10 : 30 बजे से भंडारे का आयोजन किया जाएगा। बैठक में मुकेश राघव, हरकेश चौहान, भीम सिंह तंवर, तेजपाल सिंह तंवर, नीरज शेखावत, विरेंद्र सिंह नलवा, मनीष निर्वाण, रवि शेखावत व दीपू बन्ना आदि भी उपस्थित रहे।

# व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने मंडी स्थित मंदिर के गेट व सीसीटीवी तोड़ने की कड़े शब्दों में निंदा की

### कहा-पुलिस अपराधियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करके सख्त कार्रवाई नहीं करती तब तक अनाज मंडी में हडताल रहेगी



पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 15 अप्रैल :** मंडी के मंदिर गेट व सीसीटीवी तोड़ने और गला तोड़कर पैसे निकालने के विरोध में अनाज मंडी एसोसिएशन द्वारा अनाज मंडी का मुख्य गेट बंद करके और अनाज की खरीद व बोली बंद करके धरना प्रदर्शन किया गया। व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने धरने पर उपस्थित व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा कि वारदात को अंजाम देने वाले अपराधियों के खिलाफ पुलिस को शिकायत दे दी गई है और पुलिस प्रशासन से मांग की है कि वह इस वारदात में जो भी अपराधी शामिल है उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करें। इस तरह की वारदात होना सरकार व पुलिस प्रशासन की विफलता तो दर्शाता है। बजरंग गर्ग ने कहा कि जब तक पुलिस प्रशासन अपराधियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करके सख्त कार्रवाई नहीं करती तब तक अनाज मंडी में हडताल रहेगी। बजरंग गर्ग ने मौके पर पुलिस जिला अधीक्षक को टेलीफोन पर अपराधियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करके सख्त से सख्त कार्रवाई करने को कहा। इस अवसर पर अनाज मंडी एसोसिएशन के जिला प्रधान पवन गर्ग, मंदिर प्रधान अशोक गुप्ता, स्कूल प्रधान अजय सिंगला, वेद प्रकाश जैन, बजरंग असरावां, जगदीश गोदारा, कमल अग्रवाल, टीनू बालकिया, आशीष बंसल, अनिल जैन, पवन बंसल, बजरंग जैन, मोहित सिंगल, रूपेंद्र गर्ग, नवीन गर्ग, राहुल गर्ग आदि व्यापारी प्रतिनिधि भारी संख्या में मौजूद थे।

# हरीश चौधरी भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त



पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 15 अप्रैल :** भाजपा के वरिष्ठ नेता हरीश चौधरी को उनकी निष्ठा व समर्पण को ध्यान में रखते हुए पार्टी संगठन ने उन्हें सहकारिता प्रकोष्ठ का प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी पद पर नियुक्त किया है। हरीश चौधरी ने अपनी नियुक्ति के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक हुक्म सिंह भाटी, प्रदेश सह संयोजक पीयूष महता व भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ आशा खेदड़ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी संगठन ने उन पर जो विश्वास जताया है उस पर वो खरा उतरने का प्रयास करेंगे। हरीश चौधरी ने कहा कि अब समय डिजिटल मीडिया का है तथा वे अब सहकारिता प्रकोष्ठ के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह की नीतियों को जन जन तक पहुंचा कर अंत्योदय मिशन को पूरा करने व पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए काम करेंगे। हरीश चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार सहकारिता प्रकोष्ठ के माध्यम से सबका साथ सबका विकास व अंत्योदय मिशन को धरातल पर साकार करने का काम कर रही है जिसका परिणाम आज हरियाणा की उन्नति के रूप में देखने को मिल रहा है। हरीश चौधरी ने कहा कि जल्द ही प्रदेश में सोशल मीडिया टीम का गठन किया जाएगा। उनकी इस नियुक्ति पर प्रदेश व जिला नेताओं व कार्यकर्ताओं ने उन्हें शुभकामनाएं दी।

# कटला रामलीला कमेटी की श्रीराम कथा में विभिन्न क्षेत्रों से उमड़े श्रद्धालु

### भक्तों पर प्रभु श्रीराम की कृपा हमेशा बरसती रहती है : कथा व्यास डॉ. नरेशचंद्र शास्त्री





पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 15 अप्रैल :** श्री रामलीला कमेटी कटला के रामनवमी महोत्सव में भीड़ का कोई पारावार नहीं है। महोत्सव के अंतर्गत महाराजा अग्रसेन भवन में चल रही श्रीराम कथा में विभिन्न क्षेत्रों से काफी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। गुरुधाम-जटारीधाम से पधारे कथा व्यास डॉ. नरेशचंद्र शास्त्री जी ने श्रद्धालुओं को श्रीराम कथा अमृतपान करवाया। उन्होंने श्रीराम वनवास के उपरांत कैकेयी व भरत के संवाद का बड़ा ही सटीक चित्रण किया। प्रभु श्रीराम द्वारा राज्याभिषेक छोडक़र वन गमन से आहत भरत अपनी माता कैकेयी के प्रति अति क्रोधित होते हैं और श्रीराम से मिलने के लिए अधीर हो उठते हैं। कथा व्यास डॉ. नरेशचंद्र शास्त्री जी ने प्रवचन देते हुए कहा कि केवट की भक्ति व श्रीराम की उदारता का कोई दूसरा उदाहरण शायद ही मिले। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम की कृपा हमेशा भक्तों पर बरसती रहती है। श्रीराम कथा के छठे दिन कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। कटला रामलीला के पदाधिकारियों ने मुख्यातिथि एवं अन्य अतिथियों को पटका पहनाकर व स्मृति चिह्न प्रदान करके सम्मानित किया। श्री रामलीला कमेटी कटला के प्रधान सुरेंद्र लाहौरिया, महासचिव राजेश बंसल व कोषाध्यक्ष रमेश लोहिया ने संयुक्त रूप से बताया कि श्रीराम कथा के छठे दिन राजेंद्र गुप्ता, राकेश गुप्ता, मदनलाल गोयल, अनिल जैन टीनू, धर्मेंद्र गोयल टिंकू भाई, इंद्रदेव रावलवासिया, प्रेमजी बंसल सिवानी वाले, मुकेश अग्रवाल सुपुत्र श्री मोतीराम, पूर्व प्रधान विनोद गुप्ता व संजीव अरोड़ा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान अभिषेक गोयल दिल्ली, मनोज अग्रवाल, मोतीराम कंसल, कुलप्रकाश गोयल बंटी, आनंद प्रकाश गुप्ता, राजेंद्र बंसल नेताजी, दिनेश जैन, रामनिवास परसा, राधेश्याम अग्रवाल, हरीश गोयल, जनकराज गुप्ता, पूर्व पार्षद अंबिमा शर्मा, सुशील शर्मा, दीपक गौतम, मुकेश बंसल, राहुल अग्रवाल हांसी पेड़े वाले, डॉ. सुभाष शर्मा, अनूप बिंदल व सोहनलाल सिंगला काफी गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### बाबा साहेब की जयंती पर बरवाला में हुआ कार्यक्रम

# डॉ. अम्बेडकर के संघर्षपूर्ण जीवन और सफलता की कहानी सबके लिए प्रेरणा : भूपेन्द्र गंगवा



पाठकपक्ष न्यूज

**बरवाला, 15 अप्रैल :** बुगाना में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती पर चौपाल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी रहे भूपेंद्र गंगवा ने शिरकत की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा बाबा साहब का जन्म 14 अप्रैल 1891 में हुआ उनके संघर्षपूर्ण जीवन और सफलता की कहानी हर किसी के लिए प्रेरणा है। बाबा साहेब भीम राव आंबेडकर ने कई बार मंच से ऐसे भाषण या विचार व्यक्त किए जिससे प्रेरित होकर युवा जीवन की कठिनाइयों का सामना करने के लिए तैयार हो सकते हैं। गंगवा ने कहा हमें बाबा साहब के बताए हुए रास्ते पर चलने का आह्वान किया। सभी को शिक्षा का सम्मान अधिकार, ऊंच-नीच की भावना व भेदभाव मिटाने का कार्य किया। वोट का अधिकार बाबा साहब की देन है। इस अवसर पर धर्मवीर प्रधान सुरेश, पूर्व प्रधान प्रदीप, सचिन, वजीर, बलजीत नंबरदार, राजवीर, सोनू सरपंच, सोनू ऑटो वाला, रमेश बुगाना, राजकुमार, होशियार सिंह, सिवाच सुरेश यादव, डॉ. धर्मवीर लाडवा, पालेराम, विनोद कुमार आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे

# सीडीएस इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने मुआ थाई प्रतियोगिता में जीते पदक



पाठकपक्ष न्यूज

**हांसी, 15 अप्रैल :** हिसार जिले के हांसी तहसील में हुई जिला स्तरीय मुआ थाई प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें समस्त जिले से लगभग 10 स्कूलों के 200 बच्चों ने भाग लिया। इसी के तहत सीडीएस इंटरनेशनल स्कूल मुंढाल के 6 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिनके साथ विद्यालय कोच श्रीमान दीपक भाकर, खेमचंद, शमशेर व कृष्ण डीपी भी उपस्थित थे। परिणामस्वरूप अलग-अलग भार वर्ग में सभी 6 के 6 बच्चों ने उच्च स्तर का खेल दिखाया व गोल्ड और सिल्वर पदक पर अपना कब्जा जमाया। जिसमे 67 किलो भार वर्ग में हरीश, 41किलो भार वर्ग में सोनित, 37 किलो भार वर्ग में रिंकू ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया व 43 किलो भार वर्ग में दीपांशु, 41किलो भार वर्ग में शुभम, 66किलो भार वर्ग में सहदेव ने रजत पदक प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता के मुख्यातिथि हरियाणा के महासचिव श्री सोमबीर वशिष्ठ ने सभी विजेता प्रतिभागियों को पदक देकर व फूलमालाओं के साथ सम्मानित किया और भविष्य में ओर अच्छा करने के लिए प्रोत्साहित किया। विद्यालय पहुंचने पर विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री जितेंद्र मान, श्रीमती नीतू मान, प्राचार्या महोदया श्रीमती प्रवेश ढुल, एकेडमिक हेड श्री ललित पूनिया, कोऑर्डिनेटर श्रीमती सुशीला व समस्त स्टाफ ने विजेता प्रतिभागियों के फूलमालाओं से स्वागत किया व विद्यालय प्रबंधन के द्वारा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना हेतु शुभकामनाएं दी गई।

# विद्या भारती पब्लिक स्कूल के छात्र राहुल ने हाफ मैराथन चैंपियनशिप 2024 में जीता कांस्य पदक



पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 15 अप्रैल :** राजगढ़ रोड मंगवा स्थित विद्या भारती पब्लिक स्कूल के दसवीं कक्षा के छात्र राहुल ने नारनौल में हाफ मैराथन 2024 (10 किलोमीटर वर्ग) में कांस्य पदक जीतकर विद्यालय और अपने माता-पिता का नाम रोशन किया यह प्रतियोगिता गत रविवार को एसपीएसएस क्लब मीरपुर राजपूत द्वारा आयोजित की गई। विद्यालय प्राचार्य गुरप्रीत कौर ने इस उपलब्धि की सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए सभी विद्यार्थियों को खेलों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

# गुरुकुल आर्यनगर में बैठक आयोजित करके पूर्व मंत्री हरि सिंह सैनी के निधन पर जताया शोक

### समाज सुधार व सेवा कार्यों के लिए पूर्व मंत्री हरि सिंह सैनी को हमेशा याद किया जाएगा : खोवाल



पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 15 अप्रैल :** हरियाणा के पूर्व मंत्री हरि सिंह सैनी के आकस्मिक निधन पर गुरुकुल आर्यनगर में शोक सभा आयोजित करके उनके सदकार्यों को याद किया गया। गुरुकुल आर्यनगर के मंत्री लाल बहादुर खोवाल ने बताया कि गुरुकुल आर्यनगर के प्रांगण में गुरुकुल के कार्यकारी प्रधान रामकुमार आर्य की अध्यक्षता में शोक बैठक बुलाई गई जिसमें आर्य समाज नागोरी गेट के प्रधान पूर्व मंत्री हरि सिंह सैनी के आकस्मिक निधन पर शोक प्रस्ताव पारित किया गया तथा दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की गई। गुरुकुल के मंत्री लाल बहादुर खोवाल ने बताया कि आसपास की जितनी भी आर्य समाज की संस्थाएं हैं दिवंगत हरि सिंह सैनी उनमें सहयोग देते थे। उनके द्वारा गुरुकुल आर्यनगर में भी प्रतिवर्ष सहयोग राशि दी जाती थी इसके अलावा जब भी गुरुकुल को उनकी आवश्यकता पड़ी वे हमेशा गुरुकुल आर्य नगर के लिए समर्पित रहे। उनका जाना आर्य समाज की सभी संस्थाओं के लिए अपूरणीय क्षति है। समाज सुधार के कार्यों के लिए उन्हें हमेशा याद किया जाता रहेगा। इस शोक बैठक में गुरुकुल के मानक कुलपति आचार्य रामस्वरूप शास्त्री, गुरुकुल के संरक्षक सेठ राजकुमार आर्य काठमंडी, मान सिंह पाठक, सुभाष जांगड़ा उपप्रधान, कर्नल ओमप्रकाश, दीप कुमार आर्य, इंद्रदेव शास्त्री, पूर्व उप जिला शिक्षा अधिकारी सत्यव्रत, सुरेश आर्य, जोगेश शर्मा, रमेश शास्त्री, विनोद कुमार, सुनील कुमार, राजेश कुमार व कर्ण शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### शिव कॉलोनी में केक काटकर मनाई डॉ. अंबेडकर जयंती

# सामाजिक कुरीतियों से दूर रहें : कमलेश राय



पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 15 अप्रैल :** ज्योति सावित्री बाई फुले महिला मंच व गरीब बच्चों को शिक्षा दिलवाने में अग्रसर गली क्लासेज संस्था के संयुक्त तत्वाधान में शिव कॉलोनी में डॉक्टर बी. आर. अंबेडकर जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के दौरान केक काटकर व डॉक्टर अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर धूमधाम से अंबेडकर जयंती मनाई गई। मंच की अध्यक्षा कमलेश राय ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जीवन संघर्ष और आज की शिक्षा के महत्व के बारे में अपने विचार रखे और समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने के लिए चलाई जा रही मुहिम के बारे में बताया। गली क्लासेज संस्था के संचालक अजय ने गरीब बच्चों को दिलवाई जा रही शिक्षा व उनकी उपलब्धियां तथा भविष्य की योजनाओं के बारे में बताया। सावित्री बाई फुले सिलाई केंद्र पर प्रशिक्षण लेने वाली लड़कियों को प्रमाण पत्र व गरीब बच्चों को स्टेशनरी का सामान तथा फल वितरित किए गए।इस अवसर पर भारत का संविधान उद्देशिका भी पढ़ी गई। कार्यक्रम को डॉक्टर मनोज अटवाल, डॉ अनिल अटवाल, डॉक्टर सुरेंद्र, डॉक्टर उदय यादव ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में वेद प्रकाश खिंच्ची, विजय कुमार भोरिया, आशा, शकुंतला बौद्ध, विकास राय, विश्वजीत, शकुंतला गहलोत, पराक्रम राय आदि भी मौजूद रहे।


आवश्यकता

पीजी के लिए एक कुक और एक हेल्पर चाहिए

वेतन योग्यता अनुसार

कृष्णा नगर नजदीक जय देव की ढाणी

8529700051

9355859289



प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी चन्द्रबाला द्वारा 33–एस माडल टाउन, हिसार से प्रकाशित एवं सूचना प्रिंटर्स 33–एस, माडल टाउन, हिसार से मुद्रित।

सम्पादक : आशीष मलिक

उप–सम्पादक : मनोज कुमार

विजय कुमार : 98964–72584

श्याम नागपाल : 92552–73410

संचित मलिक रिपोर्टर हांसी 98960–38818

Email : dailypathakpaksh@yahoo.in

कानूनी सलाहकार- प्रवीर आर्य (9996055500)

किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र हिसार होगा।






